## झारखंड में दो बस आमने-सामने टकराई, कई यात्री घायल, कई गंभीर

रांची (एजेंसी)। झारखंड के गोड्डा जिले के बोआरीजोर थाना क्षेत्र में गुरुवार अल सुबह दो बसों की आमने-सामने टक्कर हो गई जिसमें कई यात्री घायल हो गए। यह हादसा बांसभीट्टा गांव के पास गुरुवार सुबह हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बसों का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। गंभीर रूप से घायलों को रेफर किया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर काफी भीषण थी। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस हादसे में जनहानि नहीं हुई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों का पता लगा रही है।

## बिहार में बच्चा चोरी की अफवाहों पर सख्त नीतीश की पुलिस... आमजन से की ये खास अपील

पटना (एजेंसी)। बिहार पुलिस ने बच्चा चोरी की अफवाहों से बढ़ते खतरे के मद्देनजर सभी जिलों के थानों को अलर्ट कर दिया है। पुलिस ने निर्देश दिए हैं कि किसी भी बच्चे के गुम होने की सूचना मिलने पर तुरंत जांच की जाए। यदि कोई बच्चा 24 घंटे तक गुम रहता है, तब उसके मामले में केस दर्ज करना अनिवार्य है। पुलिस ने बताया कि पिछले दो दिनों में बच्चा चोरी के पांच मामले सामने आए, जिसमें मुजफ्फरपुर के दो और जमुई, पूर्णिया तथा नालंदा के एक-एक मामले शामिल थे। जांच में सभी मामले अफवाह साबित हुए। उन्होंने चेतावनी दी कि बच्चा चोरी की खबरें बहुत तेजी से फैलती हैं और भीड़ जुटने से मॉब लिंचिंग जैसी घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है, जिससे निर्दोष लोग भी प्रभावित हो सकते हैं। इस वर्ष अब तक राज्य में 14,699 गुमशुदगी के मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें 12,526 बालिकाएं और 2,173 बालक शामिल हैं। पुलिस ने 7,772 बच्चों को बरामद कर लिया है, जबकि 6,927 बच्चे अभी भी गुम हैं। चार महीने तक बच्चे बरामद न होने पर मामला एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट को ट्रांसफर कर दिया जाता है। यह यूनिट सभी जिलों में सक्रिय है और इसतरह के मामलों की विशेष निगरानी करती है। पुलिस के आला अधिकारियों ने आमजन से अपील की है कि बच्चा चोरी की किसी भी सूचना पर कानून अपने हाथ में न लें। ऐसी स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें और डायल-112 या नजदीकी थाने से संपर्क करें। जनता की सतर्कता और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से अफवाहों और मॉब लिंचिंग जैसी घटनाओं को रोका जा सकता है।

## बीजेपी ने पोस्टर लगाकर राहुल गांधी पर बोला हमला... अराजकता का तरीका एक, बस चेहरे बदलते रहे

नई दिल्ली (एजेंसी)। नई दिल्ली में एआई समिट में हुए हंगामे पर भाजपा ने फिर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जिम्मेदार ठहराया। भाजपा ने राहुल गांधी की तुलना 2020 दंगे के आरोपी उमर खालिद से कर दिल्ली भाजपा ऑफिस के बाहर एक पोस्टर लगाया। इसमें लिखा कि अराजकता का तरीका एक, बस देश विरोधी चेहरे बदलते रहते हैं। पोस्टर में एक ओर उमर खालिद हैं जिसमें उमर को सीएए के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए दिखाया गया है। वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी हैं उनके आगे शर्टलेस कार्यकर्ता की तस्वीरें जो एआई समिट का विरोध कर रहे हैं। ये पोस्टर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता आरपी सिंह ने लगवाए हैं। उधर एआई इम्पैक्ट समिट हंगामा मामले में इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने 4 दिन की पुलिस रिमांड में भेजा है। उन्हें मंगलवार सुबह पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इस मामले में अब तक 8 गिरफ्तारी हो चुकी हैं।

## बाबा विश्वनाथ के दर्शन को पहुंचे केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, शंकराचार्य विवाद पर बचते दिखे

वाराणसी (एजेंसी)। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से दर्शन-पूजन किया। उन्होंने काशी के कोतवाल काल भैरव की भी पूजा-अर्चना की। दर्शन के पश्चात मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि सौभाग्य से बाबा विश्वनाथ के दर्शन प्राप्त हुए हैं। मेरी यही कामना है कि बाबा सभी पर अपनी कृपा और आशीर्वाद की वर्षा करें। देश की जनता सुखी व निरोग रहे और सभी का कल्याण हो। एक वैभवशाली, समृद्धशाली और गौरवशाली भारत के निर्माण में हर नागरिक अपना योगदान दे और भारत पूरे विश्व को शांति का संदेश दे-बाबा के चरणों में यही प्रार्थना है। वहीं, शंकराचार्य से जुड़े मुद्दे पर पूछे गए सवाल को टालते हुए उन्होंने कहा कि यहाँ राजनीति की कोई जगह नहीं है, वह केवल भक्ति के भाव में डूबे हैं। यहां भाजपा और कांग्रेस सभी बराबर हैं। मंदिर में दर्शन के उपरांत केंद्रीय मंत्री सीधे अराजीलाइन विकास खंड के शहंशाहपुर स्थित भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान के लिए रवाना हो गए, जहाँ वे विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों के साथ बैठक करेंगे।

## यूट्यूबर कोमाली ब्रेकअप के बाद तनाव में थीं, जांच के बाद पुलिस ने किया खुलासा

### -हैदाराबाद में एक अपार्टमेंट में पंखे से लटकी मिली थी लाश, मां को किया था मैसेज

हैदराबाद (एजेंसी)। पार्ट-टाइम यूट्यूबर बोनू कोमाली ने खुदकुशी कर ली है। कोमाली मूल रूप से आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम की रहने वाली थीं और पिछले 11 महीनों से हैदराबाद के एक अपार्टमेंट में अकेले रहकर बीएससी की पढ़ाई कर रही थीं। वह यूट्यूब पर अपनी लाइफस्टाइल से जुड़े वीडियो शेयर करती थीं। पुलिस जांच में सामने आया है कि खुदकुशी से ठीक पहले कोमाली का अपने बॉयफ्रेंड के साथ विवाद हुआ था। इसके बाद उन्होंने कुवैत में रह रही अपनी मां को आखिरी मैसेज भेजा, जिसमें लिखा था- आई लव यू मम्मी सो मच, छोटे भाई का ख्याल रखना। जब मां के फोन करने पर भी कोमाली ने कॉल नहीं उठाया, तो उन्होंने एक दोस्त को घर भेजा। वहां दरवाजा तोड़ने पर कोमाली का शव पंखे से लटका मिला। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शुरुआती जांच में कोमाली पिछले तीन साल से एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर के साथ रिश्ते में थीं, जो खुद भी एक यूट्यूबर है। खबर है कि हाल ही में दोनों का ब्रेकअप हो गया था, जिसके कारण वह काफी तनाव में थीं।

# पाठ्यपुस्तक में न्यायिक भ्रष्टाचार: सुप्रीम कोर्ट की कड़ी फटकार के बाद एनसीईआरटी ने मांगी माफी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने कक्षा आठ की पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार से संबंधित एक विवादास्पद अध्याय को लेकर सुप्रीम कोर्ट की भारी नाराजगी के बाद बिना शर्त माफी मांग ली है। शीर्ष अदालत द्वारा इस सामग्री को बेहद परेशान करने वाला और संविधान के बुनियादी ढांचे पर हमला करार दिए जाने के बाद परिषद पूरी तरह बैकफुट पर आ गई है। एनसीईआरटी ने स्पष्ट किया है कि संबंधित अध्याय में अनुचित पाठ्य सामग्री और निर्णय की त्रुटि अनजाने में शामिल हो गई थी, जिसे अब उपयुक्त अधिकारियों के परामर्श से पूरी तरह से फिर से लिखा जाएगा। इस विवाद के बीच परिषद ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट से इस पुस्तक को हटा दिया है और इसकी प्रतियों का वितरण भी तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है।



इस संवेदनशील मामले का जन्म तब हुआ जब मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ, जिसमें जस्टिस जोयमाल्य बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली शामिल थे, ने पाठ्यपुस्तक की सामग्री पर स्वतः संज्ञान लिया। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी द्वारा मामले की गंभीरता की ओर ध्यान दिलाए जाने के बाद अदालत ने इस पर तत्काल सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश ने न्यायपालिका की गरिमा को ठेस पहुंचाने के किसी भी प्रयास पर कड़ा ऐतराज जताते हुए कहा कि संस्थान के प्रमुख के रूप में यह उनकी जिम्मेदारी है कि वह निष्पक्षता की रक्षा करें। उन्होंने तीखी टिप्पणी करते हुए यहाँ तक कहा कि यह प्रकरण एक सोची-समझी चाल प्रतीत होती है, जिससे न केवल बार बल्कि बेंच के सदस्य भी अत्यंत चिंतित हैं। जस्टिस बागची ने इसे और अधिक गंभीर बताते हुए कहा कि ऐसी सामग्री विद्यार्थियों के मन में संवैधानिक संस्थाओं के प्रति गलत धारणा पैदा करती है, जो सीधे तौर पर संविधान के मूल ढांचे के विरुद्ध है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, कक्षा आठ के इस अध्याय में समाज में न्यायपालिका की भूमिका पर चर्चा के दौरान न्यायपालिका के विभिन्न स्तरों पर भ्रष्टाचार जैसे संवेदनशील उपविषय को शामिल किया गया था। इसमें न्यायिक बुनियादी ढांचे की कमी और लंबित मामलों की चुनौतियों का भी जिक्र था, लेकिन प्रस्तुतीकरण के तरीके को अदालत ने अपमानजनक माना। विवाद बढ़ता देख एनसीईआरटी के वरिष्ठ अधिकारियों ने सफाई देते हुए कहा कि उनका इरादा किसी भी संवैधानिक संस्था के अधिकार क्षेत्र को कमतर करने का कभी नहीं था। परिषद ने दोहराया कि वह न्यायपालिका को मौलिक अधिकारों के रक्षक के रूप में सर्वोच्च सम्मान देती है। अब इस सामग्री में सुधार किया जाएगा और संशोधित पाठ्यपुस्तक को शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरुआत में छात्रों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। फिलहाल, पुराने स्टॉक को वापस लेने और डिजिटल प्लेटफॉर्म से सामग्री हटाने की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है।

## संघ की अहम बैठक में बीजेपी अध्यक्ष नितिन नबीन पहली बार करेंगे शिरकत

### -इस बैठक से पहले बीजेपी के संगठनात्मक ढांचे में हो सकते हैं कुछ बड़े फेरबदल

नई दिल्ली(एजेंसी)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की अहम बैठक अगले महीने हरियाणा के समालखा में आयोजित होने जा रही है। इस बैठक में भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन पहली बार शिरकत करेंगे। जनवरी 2026 में बीजेपी की कमान संभालने के बाद नितिन नबीन का यह पहला आधिकारिक संघ दौरा है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि इस बैठक से पहले बीजेपी के संगठनात्मक ढांचे में कुछ बड़े फेरबदल हो सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक माना जा रहा है कि समालखा बैठक में बीजेपी के प्रतिनिधि मंडल में कई नए चेहरे देखने को मिल सकते हैं। यह बदलाव आगामी चुनावों और संगठन को नई ऊर्जा देने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। समालखा बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु संघ के शताब्दी वर्ष से संबंधित कार्यक्रमों की समीक्षा करना है। देश भर में चलाए गए अभियानों, गृह-संपर्क और शताब्दी निमित्त आयोजनों से प्राप्त अनुभवों को यहां साझा किया जाएगा। प्रतिनिधि सभा की इस बैठक में वर्ष 2025-26 के दौरान किए गए कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही आगामी वर्ष के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों और कार्ययोजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा होगी। बैठक में सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रस्ताव पारित होने की उम्मीद है। इस बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले समेत संघ के सभी शीर्ष पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। साथ ही बीजेपी समेत संघ से प्रेरित विभिन्न 32 संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी भी इस विचार-मंथन में हिस्सा लेंगे।



## सुप्रिया सुले और संजय राऊत लोकसभा में उठाएंगे अजीत पवार की मौत का मामला



**मुंबई (एजेंसी)।** शरद पवार गुट के नेता रोहित पवार ने एनसीपी के वरिष्ठ नेता अजित पवार के 28 जनवरी 2026 को हुए विमान हादसे की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग फिर उठा दी है। उन्होंने कहा कि इस दुर्घटना को लेकर कई तरह की शंकाएं हैं और बिना किसी बाहरी हस्तक्षेप के पूरी जांच जरूरी है, लेकिन फिलहाल ऐसा प्रतीत नहीं हो रहा। रोहित पवार ने कहा कि लोकसभा में सांसद सुप्रिया सुले और अमोल कोल्हे इस मामले पर आवाज उठाएंगे, जबकि राज्यसभा में वरिष्ठ शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत से भी इस मुद्दे को उठाने का आग्रह किया गया है। उन्हें इस संबंध में विस्तृत पत्र भी सौंपा गया है। उन्होंने हादसे से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। इसके अलावा रोहित पवार केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक जांच पूरी नहीं होती, मंत्री को पद छोड़ देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि 28 जनवरी के घातक विमान हादसे में शामिल कंपनी वीएसआर को बचाने की कोशिश की गई। मुंबई स्थित विधान भवन में मीडिया से बातचीत में रोहित पवार ने जांच प्रक्रिया में समय सीमा और रिपोर्टों पर सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि हादसे के दिन, जब अजित पवार का शव पोस्टमॉर्टम के लिए रखा गया था, उसी समय दोपहर 1ः36 बजे डीजीसीए ने शुरुआती रिपोर्ट जारी कर दी। रोहित पवार ने कहा कि लापरवाही के कारण हमने एक बड़े नेता खो दिया, जो सिर्फ उपमुख्यमंत्री नहीं बल्कि जनता के दिलों के मुख्यमंत्री थे। अजित बारामती जिला परिषद और पंचायत समिति चुनाव के प्रचार के लिए बारामती जा रहे थे, तभी विमान रनवे पर लैंड करते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में अजित पवार के अलावा चार अन्य लोगों की भी मौत हुई।

# प्रधानमंत्री की इजरायल यात्रा: ओवैसी और कांग्रेस ने नीतिगत बदलाव को बताया विश्वासघात

**हैदराबाद (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वर्तमान इजरायल यात्रा को लेकर देश के भीतर राजनीतिक पारा गरमा गया है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी सहित मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने इस दौरे पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुए इसे भारत की पारंपरिक विदेश नीति के साथ विश्वासघात करार दिया है। ओवैसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी एक विस्तृत पोस्ट में केंद्र सरकार के इस कदम की कठोर आलोचना की है। ओवैसी ने इजरायली नेतृत्व की ओर इशारा करते हुए उन्हें युद्ध अपराधी बताया, जिनके खिलाफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरफ्तारी वारंट की चर्चा है। उन्होंने तर्क दिया कि ऐसे समय में इजरायल जाकर वहां के नेतृत्व के साथ गर्मजोशी दिखाना भारत द्वारा दशकों से फिलिस्तीनी अधिकारों के प्रति दिए जा रहे सैद्धांतिक और ऐतिहासिक समर्थन के विरुद्ध है। ओवैसी ने मध्य पूर्व के भू-राजनीतिक समीकरणों पर गंभीर आशंका जताते हुए दावा किया कि प्रधानमंत्री की यात्रा समाप्त होते ही अमेरिका द्वारा ईरान पर हमला किया जा सकता है। उन्होंने अपनी पोस्ट का समापन जायोनिज्म मुर्दाबाद के नारे के साथ करते हुए इजरायल की राजनीतिक विचारधारा के प्रति अपना कड़ा विरोध स्पष्ट किया।

सिर्फ ओवैसी ही नहीं, बल्कि कांग्रेस पार्टी ने भी इस दौरे को लेकर सरकार पर तीखे हमले किए हैं। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री की इस यात्रा को नैतिकता के विरोध में बताया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भारत के ऐतिहासिक रुख की याद दिलाते हुए कहा कि 20 मई 1960 को तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने गाजा में संयुक्त राष्ट्र आपातकालीन बल की भारतीय टुकड़ी से मुलाकात की थी। उन्होंने उल्लेख किया कि भारत ने हमेशा फिलिस्तीन के साथ एकजुटता दिखाई है, चाहे वह 1981 में स्मारक डाक टिकट जारी करना हो या 1988 में औपचारिक रूप से फिलिस्तीन राष्ट्र को मान्यता देना। इसी क्रम में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री इजरायली संसद नेसेट को संबोधित करते समय गाजा में मारे गए हजारों निर्दोष पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए न्याय की मांग करेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत का इतिहास हमेशा सत्य, शांति और न्याय के साथ खड़े होने का रहा है और हमें दुनिया को यही रोशनी दिखानी चाहिए।

दूसरी ओर, प्रधानमंत्री अपनी इस दो दिवसीय ऐतिहासिक यात्रा के दौरान इजरायल के साथ संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। बेन गुरियन हवाई अड्डे पर इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा द्वारा किए गए भव्य स्वागत के बाद प्रधानमंत्री ने इजरायल की संसद नेसेट को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने गाजा शांति पहल को पूरे क्षेत्र के लिए न्यायपूर्ण और स्थायी शांति का एकमात्र मार्ग बताया। प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के मुद्दे पर इजरायल के साथ अटूट एकजुटता व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया कि भारत आतंकवाद के



प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति पर अडिग है। उन्होंने वैश्विक मंच से आह्वान किया कि आतंकवाद किसी भी रूप में हो, वह वैश्विक शांति के लिए खतरा है और इसका मुकाबला करने के लिए दोहरे मापदंड छोड़कर समन्वित वैश्विक प्रयासों की आवश्यकता है। जहां सरकार इस दौरे को कूटनीतिक सफलता के रूप में देख रही है, वहीं विपक्ष इसे भारत की गुटनिरपेक्ष और फिलिस्तीन समर्थक छवि को नुकसान पहुँचाने वाला कदम मान रहा है।

## केंद्रीय मंत्री गडकरी ने दिल्ली में ग्रीन टैक्स बंद करने की वकालत की, पूछा- करोड़ों की वसूली का क्या हुआ?

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने दिल्ली की सीमाओं पर वाणिज्यिक वाहनों से वसूले जाने वाले पर्यावरण मुआवजा शुल्क को तत्काल समाप्त करने की जोरदार वकालत की है। एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान गडकरी ने इस कर की वसूली की सार्थकता और इसके तहत एकत्रित भारी-भरकम धनराशि के वास्तविक उपयोग पर कड़े सवालिया निशान खड़े किए हैं। उन्होंने दिल्ली नगर निगम की कार्यप्रणाली पर उंगली उठाते हुए पूछा है कि वर्षों से पर्यावरण के नाम पर वसूले गए करोड़ों रुपये आखिर कहां खर्च किए गए।



गडकरी ने खुलासा किया कि उन्होंने हाल ही में नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की थी। इस बैठक के दौरान उन्होंने निगम से यह स्पष्ट करने को कहा कि इस विशेष शुल्क से प्राप्त आय का हरित गतिविधियों या प्रदूषण कम करने वाली योजनाओं में कितना निवेश किया गया। उनके अनुसार, अधिकारियों ने स्वीकार किया कि पर्यावरण सुधार की दिशा में कोई ठोस योगदान नहीं दिया गया है। जब गडकरी ने इस टोल वसूली के औचित्य पर सवाल उठाया, तो अधिकारियों ने इसे सुप्रीम कोर्ट के पुराने आदेश का हिस्सा बताया। इस पर मंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि यदि इस धन का उपयोग निर्धारित लक्ष्यों के लिए नहीं हो रहा है, तो जनता और परिवहन क्षेत्र पर यह अतिरिक्त बोझ डालना अनुचित है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2015 में सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद दिल्ली में प्रवेश करने वाले भारी और वाणिज्यिक वाहनों पर ईसीसी लागू किया गया था। इसका मूल उद्देश्य प्रदूषण फैलाने वाले ट्रकों को शहर के भीतर आने से हतोत्साहित करना और प्राप्त राशि का उपयोग सार्वजनिक परिवहन व पैदल यात्रियों की सुविधाओं को बेहतर बनाने में करना था। हालांकि, गडकरी का दावा है कि उनके मंत्रालय की जांच में सामने आया है कि एकत्रित राशि का उपयोग प्रदूषण नियंत्रण के बजाय निगम की वित्तीय स्थिति को संभालने और वेतन जैसे खर्चों के लिए किया जा रहा है।

इस वित्तीय संकट का समाधान सुझाते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यदि यह पैसा नगर निकाय को चलाने के लिए अनिवार्य है, तो दिल्ली सरकार को निगम को सीधे अनुदान देना चाहिए। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि वे इस मामले में हस्तक्षेप करेंगे और सुप्रीम कोर्ट से इस पुराने आदेश पर पुनर्विचार करने का अनुरोध करेंगे। गडकरी का यह रुख दिल्ली-एनसीआर के ट्रांसपोर्टरों के लिए बड़ी राहत की उम्मीद लेकर आया है। यदि यह शुल्क हटता है, तो इससे आवश्यक वस्तुओं की ढुलाई लागत में कमी आएगी और अंतरराज्यीय व्यापार सुगम होगा। अब देखना यह है कि दिल्ली सरकार और न्यायालय पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक सुगमता के इस द्वंद्व पर क्या निर्णय लेते हैं।

## राज्यसभा चुनाव: महाराष्ट्र में एक सीट पर एमवीए में मच सकता है घमासान

### -आदित्य ठाकरे ने ठोका दावा, शरद पवार की दावेदारी से कांग्रेस भी टेंशन में



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राज्यसभा चुनाव में देशभर की 37 सीटों पर 16 मार्च को मतदान होना है, लेकिन सबसे दिलचस्प मुकाबला महाराष्ट्र की सात सीटों को लेकर बन गया है। एनडीए जहां छह सीटें जीतती दिख रही है, वहीं एक सीट विपक्षी महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के लिए प्रतिष्ठा और एकजुटता की परीक्षा बन गई है। एमवीए में शरद पवार की एनसीपी (एसपी), उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस शामिल हैं। मौजूदा विधानसभा गणित के मुताबिक तीनों दलों के पास मिलकर इतनी ताकत है कि वे एक उम्मीदवार को जिता सकते हैं, लेकिन इसके लिए अतिरिक्त समर्थन की जरूरत होगी। ऐसे में सीट किसे मिले यही सबसे बड़ा सवाल है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे ने विधायकों की संख्या के आधार पर राज्यसभा सीट पर दावा ठोका है। पार्टी का तर्क है कि 2020 में उसने एनसीपी को समर्थन दिया था, इसलिए इस बार उसका हक बनता है। पार्टी की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी का कार्यकाल समाप्त हो रहा है और उन्हें दोबारा भेजने की मांग उठ रही है। वहीं कुछ नेताओं का मानना है कि खुद उद्धव ठाकरे को भी राज्यसभा भेजा जा सकता है।

दूसरी ओर शरद पवार का राज्यसभा कार्यकाल खत्म हो रहा है और एनसीपी (एसपी) उन्हें दोबारा सदन भेजने के पक्ष में है। उनकी बेटी और बारामती से सांसद सुप्रिया सुले ने साफ कहा है कि पार्टी और कार्यकर्ता चाहते हैं कि शरद पवार ही फिर राज्यसभा जाएं। पार्टी नेताओं ने सहयोगी दलों से बातचीत के संकेत दिए हैं। यहीं से सियासी उलझन बढ़ जाती है। अगर सीट पवार को दी जाती है तो शिवसेना (यूबीटी) को पीछे हटना पड़ेगा। वहीं अगर शिवसेना को प्राथमिकता मिलती है तो एनसीपी (एसपी) में असंतोष की स्थिति बन सकती है।

कांग्रेस फिलहाल अपने पत्ते नहीं खोल रही है। पार्टी नेतृत्व गठबंधन की व्यापक रणनीति और संभावित भविष्य के समीकरणों को ध्यान में रखकर फैसला लेना चाहता है। कांग्रेस को एनसीपी के दोनों गुटों के संभावित समीकरणों को लेकर भी सतर्कता है। माना जा रहा है कि कांग्रेस समर्थन के बदले विधान परिषद चुनावों में समायोजन चाहती है। इससे साफ है कि महाराष्ट्र की जो एक सीट सिर्फ राज्यसभा चुनाव नहीं, बल्कि महाविकास अघाड़ी के भीतर नेतृत्व, संतुलन और भविष्य की राजनीति का संकेत भी बनेगी। अब सबकी नजर गठबंधन की अगली बैठक और अंतिम फैसले पर टिकी हैं।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने सैनिकों के हक में सुनाया फैसला- लाइफस्टाइल डिसऑर्डर कहकर नहीं रोक सकते दिव्यांग पेंशन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया कि सशस्त्र बलों के कर्मियों की दिव्यांगता पेंशन सिर्फ यह कहकर रोकी नहीं जा सकती कि बीमारी ÷लाइफस्टाइल डिसऑर्डर÷ है या पीस एरिया (शांतिपूर्ण तैनाती) में हुई। हाईकोर्ट ने माना कि सेना में सेवा हर परिस्थिति में तनावपूर्ण होती है और इससे गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

हाईकोर्ट में जस्टिस वी. कामेश्वर राव और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की डिवीजन बेंच ने आर्म्ड फोर्सेज ट्रिब्यूनल (एएफटी) के उस आदेश को रद्द किया, जिसमें भारतीय वायुसेना के रिटायर्ड अधिकारी की दिव्यांग पेंशन याचिका खारिज कर दी गई थी। याचिकाकर्ता उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) और कोरोनरी आर्टरी डिजीज से पीड़ित हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि यह मायने नहीं रखता कि बीमारी फील्ड एरिया में हुई या पीस पोस्टिंग में। असली सवाल यह है कि क्या बीमारी का संबंध सेवा परिस्थितियों से है। इस केस में मेडिकल बोर्ड यह स्पष्ट नहीं कर सका कि अफसर की बीमारियां सेवा से जुड़ी नहीं थीं।

कोर्ट ने विशेष रूप से कहा कि बिना ठोस वजह के बीमारी को ÷लाइफस्टाइल डिसऑर्डर÷ कहना कानूनन सही नहीं। मेडिकल बोर्ड ने भी माना था कि बीमारियां अधिकारी की लापरवाही या गलत आदतों से नहीं हुई थीं। मोटापा, धूम्रपान या शराब से जुड़े तर्क खारिज कर दिए गए क्योंकि रिपोर्ट में इन्हें कारण नहीं बताया गया था।

एएफटी द्वारा वजन और लाइफस्टाइल के आधार पर निष्कर्ष निकालना और हृदय रोग को सिर्फ पिछले 14 दिनों की ड्यूटी से जोड़ना भी तर्कसंगत नहीं माना गया। कोर्ट ने साफ किया कि बीमारी का मूल्यांकन पूरी सेवा अवधि और परिस्थितियों को ध्यान में रखकर होना चाहिए।


40 साल की सेवा, 50 फीसद दिव्यांगता, अब पेंशन सुरक्षित

याचिकाकर्ता अफसर ने वायुसेना में 40 साल से अधिक सेवा दी और ज्वाइनिंग के समय पूरी तरह से फिट थे। उन्हें 1999 में हाइपरटेंशन और 2016 में गंभीर कोरोनरी आर्टरी डिजीज हुई, जिसके लिए ओपन-हार्ट सर्जरी करानी पड़ी। उनकी दिव्यांगता 50 फीसद आंकी गई थी, लेकिन पेंशन रोक दी गई थी। हाईकोर्ट ने याचिका मंजूर करते हुए अफसर को 50 प्रतिशत आजीवन दिव्यांग पेंशन देने का निर्देश दिया। साथ ही रिटायरमेंट की तारीख से बकाया भुगतान 8 सप्ताह के भीतर जारी करने और देरी होने पर 12 प्रतिशत सालाना ब्याज देने का आदेश भी दिया।



# पुत्र का दातली से गला काट कर पिता ने की आत्महत्या

## बड़ला गांव का मामला : पुलिस ने बताया कि आर्थिक तंगी व गृह क्लेश हो सकता है कारण




स्मार्ट हलचल|सांवर वैष्णव



**सवाईपुर।** सवाईपुर क्षेत्र के बड़ला जाटों का गांव में हुई एक खौफनाक हत्या ने पूरे क्षेत्र को हिला दिया है, यहां एक 13 वर्षीय मासूम की हत्या उसके ही पिता ने कर दी, इतना ही नहीं बेटे की हत्या करने के बाद पिता ने भी विषाक्त पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या कर ली, इस सनसनीखेज मामले में से क्षेत्र में सनसनी फैल गई, बड़ला गांव में आज शुक्रवार अल सुबह दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां एक पिता ने अपने ही मासूम बेटे की घास काटने की दातली से गला काटकर हत्या कर दी, इसके बाद पिता ने भी विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया, जिसकी भी जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई । सूचना पर मांडलगढ़ पुलिस उपाधीक्षक बाबूलाल विश्नोई, बड़लियास थाना पुलिस व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची । मांडलगढ़ पुलिस उपाधीक्षक बाबूलाल बिश्नोई ने बताया कि सूचना मिली कि बड़ला गांव में राधेश्याम पिता रामेश्वर वैष्णव ने अपने 13 वर्षीय पुत्र वंश की हत्या कर विषाक्त पदार्थ खा लिया । सूचना पर एएसआई गोपाल सिंह व प्यार चंद खटीक मय जाप्ता मौके पर पहुंचे, जहां नोहरे में बने कमरे में चारपाई पर 13 वर्षीय वंश वैष्णव की लाश पडी थी, पुलिस को भगवान लाल वैष्णव ने बताया कि उनके बडे भाई राधेश्याम ने भतीजे वंश की चारा काटने की दातली से गला काटकर हत्या कर दी, वह इसके बाद बडे भाई राधेश्याम ने भी आत्महत्या करने के लिए पहले कमरे में ही पंखे पर से लटककर आत्महत्या करने का प्रयास किया, लेकिन बाद उन्होंने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया, जब चारपाई पर सो रहे भतीजे वंश को देखा तो उसका गला कटा हुआ था, परिजनों व सरपंच शिवराज जाट को सूचना दी, घायल राधेश्याम को जिला चिकित्सालय भेज कर पुलिस को इसकी सूचना दी । जिला चिकित्सालय में इलाज के दौरान राधेश्याम की भी मौत हो गई । राधेश्याम के शव का जिला चिकित्सालय और वंश के शव का सवाईपुर चिकित्सालय में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किए । आरोपी पिता और बच्चे की मां के बीच लंबे समय से मनमुटाव चल रहा था, आशंका है कि इसी तनाव ने हत्या जैसी खौफनाक वारदात को अंजाम दिया । जैसे ही पिता पुत्र के शव गांव में पहुंचे तो घर में कोहराम मच गया, हर तरफ चीख-पुकार फूट पड़ी और गमहीन माहौल में एक ही चिता पर पिता पुत्र का अंतिम संस्कार किया गया । पुलिस ने पुत्र वंश की हत्या करने के आरोप में पिता राधेश्याम के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया व जहरीली वस्तु के सेवन से राधेश्याम की मृत्यु होने से मर्ग दर्ज किया जाकर जांच की जा रही हैं।

### मां के साथ ननिहाल गया, परीक्षा देने आया था

पुलिस ने बताया कि कुछ समय से पति-पत्नी के बीच मनमुटाव चल रहा था, जिसके चलते राधेश्याम की पत्नी अपने पीहर गटियावली, चित्तौड़ चली जाती थी और कुछ दिनों बाद वापस आ जाती थी, अभी हाल ही में करीब दो महीने पहले राधेश्याम की पत्नी बच्चों के साथ पीहर चली गई थी, वंश कोटड़ी के एक निजी स्कूलों में आठवीं कक्षा में पढ़ता था, बोर्ड परीक्षा होने के चलते वंश को परीक्षा देने के लिए बड़े भाई सतु ने 19 फरवरी को उसे बड़ला छोड़ा था । पिछले दो-तीन दिनों से दोनों पिता पुत्र साथ-साथ गांव में घूमते थे लेकिन आज शुक्रवार सुबह इस घटना से कोई भी किसी को भी विश्वास नहीं हो पा रहा ।।



### एक ही चिता पर हुआ पिता पुत्र का अंतिम संस्कार

बड़ला गांव में हुई इस हृदयविदारक घटना से गांव सहित आसपास का क्षेत्र स्तंभित है कि आखिर एक पिता ने अपने मासूम बेटे को कैसे मौत के घाट उतार कर खुद ही आत्महत्या कर ली, दोनों के शवों का पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचे, जहां पिता पुत्र की शव यात्रा एक साथ निकली, वही एक ही चिता पर दोनों का अंतिम संस्कार किया गया, जिसे देखकर शवयात्रा में शामिल सभी लोगों की आंखें नम थी, की सुबह किस तरह पिता ने अपने पुत्र को मौत के घाट उतारा और अब एक ही चिता पर इनका अंतिम संस्कार हो रहा है । राधेश्याम के अब एक लड़का व एक लड़की ओर है ।।

### गांव में पसरा सन्नाटा, हर जुबान पर एक ही सवाल ऐसा क्या हुआ ?

बड़ला गांव में हुई इस दिल दहला देने वाली घटना के बाद गांव में सन्नाटा सा पसर गया, गांव की हर गली चौराहा सुनसान दिखाई दिया, वहीं लोगों की जुबान पर एक ही सवाल है कि ऐसा क्या हुआ कि पिता ने ही अपने बेटे को मौत के घाट उतार दिया और इसके बाद खुद को भी खत्म कर लिया, जो कल तक गांव में हंसते खेलते दिख रहे थे, एक ही रात में परिवार को उजाड़ दिया, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया, गांव के ग्रामीणों व परिचितों ने बड़ी मुश्किल से परिजनों को ढांढस बंधाया।

### मौत से पहले बनाया वीडियो बनाकर वायरल किया, पत्नी, पुत्र पुत्री सहित ससुराल पक्ष पर आरोप

राधेश्याम ने मौत से पहले दो वीडियो बनाई, जिससे शुक्रवार अल सुबह करीब चार बजे विडियो को गांव के ग्रुप में डाल दिया, एक वीडियो में वह अपने पिता व भाई से कुछ लोगों को पैसे देने की बात कर रहे हैं और उसमें बता रहे हैं कि इन लोगों ने उसे कभी परेशान नहीं किया । वहीं दूसरे वीडियो में राधेश्याम ने अपनी पत्नी, बड़े पुत्र व पुत्री सहित सास, ससुर, साला, साली, साले की पत्नी सहित अन्य कुछ लोगों के नाम लेकर उन पर परेशान करने का आरोप लगाने के साथ ही पिता-पुत्र ने आत्महत्या करने की बात कहते हुए और इन सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की । ग्रुप में वीडियो देखने के बाद भगवान लाल ने यहां पहुंचा तो में गेट अंदर से बंद था, आवाज देने पर गेट नहीं खोला तो दीवार फांदकर अंदर गया और कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था, जिससे आवाज़ लगाई और दरवाजा खटखटाया, लेकिन दरवाजा नहीं खोला, इसमें कुछ देर बाद राधेश्याम ने दरवाजा खोला और वहां जमीन पर गिर गया, वही भगवान लाल ने चारपाई पर सो रहे भतीजे वंश को देखा तो वह लहुलुहान था, घटना के वक्त घर में पिता पुत्र दोनों ही अकेले ही थे, इसी कारण किसी को कोई भनक नहीं लगी । भगवान लाल ने परिजनों व सरपंच शिवराज जाट को सूचना दी । पुलिस वीडियो को आधार मानते हुए जांच कर रहे हैं कि आखिर ऐसा क्या कारण रहा कि पिता ने अपने पुत्र की हत्या कर खुद आत्महत्या कर ले।

## जहाज़पुर का नाम अब 'यज्ञपुर' होगा? विस में उठी नाम बदलने की मांग

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

भीलवाड़ा जिले के जहाज़पुर कस्बे का नाम बदलकर उसके प्राचीन और ऐतिहासिक नाम यज्ञपुर करने की मांग राजस्थान विधानसभा के पटल पर जोरदार चर्चा में आई। यह मामला विधानसभा सत्र के दौरान विधायक गोपीचंद मीणा ने उठाया, जिन्होंने सरकार से जनभावनाओं और ऐतिहासिक महत्व को ध्यान में रखते हुए नाम परिवर्तन की तत्काल अधिसूचना जारी करने की अपील की है।

विधायक मीणा ने सदन में कहा कि जहाज़पुर का प्राचीन नाम यज्ञपुर था, जिसका उल्लेख धार्मिक ग्रंथों और इतिहास में मिलता है। उन्होंने बताया कि महाभारत काल में इस इलाके का नाम यज्ञपुर था और राजा जनमेजय द्वारा नागयज्ञ जैसे ऐतिहासिक घटनाओं से यह कस्बा धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा है। इसलिए स्थानीय लोगों की यह मांग न्यायोचित है।

**नगरपालिका व प्रशासन का रुख सकारात्मक**

मीणा ने बताया कि यह मांग केवल विधानसभा तक सीमित नहीं रही। जहाज़पुर नगरपालिका की बैठक में एकमत से प्रस्ताव पारित किया गया है कि कस्बे का नाम यज्ञपुर रखा जाए। इसके अलावा, भीलवाड़ा कलक्टर की रिपोर्ट में भी नाम बदलने के पक्ष में सकारात्मक टिप्पणी शामिल है, जिसे राज्य सरकार को भेजा जा चुका है।

मीणा ने सदन में कहा, 'जनभावनाओं का सम्मान करना चाहिए और इतिहास की भूल को सुधारते हुए जहाज़पुर को पुनः यज्ञपुर नाम दिया जाना चाहिए।' इससे न केवल ऐतिहासिक पहचान को सम्मान मिलेगा बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय विकास को नई गति मिलेगी।

**क्षेत्र में उठी उम्मीद की लहर**

नाम बदलने के इस प्रस्ताव ने स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों में उत्साह का माहौल पैदा कर दिया है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि लंबे समय से जहाज़पुर का परंपरागत और ऐतिहासिक नाम वापस लौटाने की मांग की जा रही थी और अब विधानसभा तक पहुँचने से उन्हें उम्मीद है कि सरकार इस पर सकारात्मक निर्णय लेगी।

## सुवाणा में चल रहे किसान मेला का प्रथम दिन रहा सुना-सुना

स्मार्ट हलचल




**भीलवाड़ा।** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर से संबंधित कृषि विज्ञान केन्द्र भीलवाडा एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद कृषि तकनीकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान जोन द्वितीय जोधपुर के तत्वाधान में सुवाणा हलेड मार्ग स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में 27 फरवरी शुक्रवार 1 मार्च रविवार तक किसान मेला आयोजित किया जा रहा है। मेला आयोजक द्वारा समुचित मात्रा में मेले का प्रचार-प्रसार आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं किये जाने से मेले का प्रथम दिन सुना-सुना रहा। ग्रामीण किसान मेला देखने आये ही नहीं।

आयोजक मिवी किसान बाजार कृषक उत्पादक संगठन भीलवाड़ा के पदाधिकारियों ने बताया कि मेले में विभिन्न कंपनियों सहित सरस,जेसीबी,फार्म ट्रेक,ओस्तवाल ग्रुप, जोनडीयर,स्वराज, प्रीत,एमडी व संगम विश्वविद्यालय सहित कई अन्य कंपनियों के उत्पाद, कृषि संयत्र, कृषि में काम आने वाली दवाईयों,मशीनरी सहित अन्य उपकरण प्रदर्शित किये जा रहे है।

वहीं मेले में केन्द्र एवं राज्य सरकार की ओर से कृषकों के लिए बनाई गई लाभकारी स्कीमों की जानकारी देने हेतु एक भी स्टाल नहीं लगाई गई जिसके चलते किसान निराश होकर लौट रहे है। किसान लक्ष्मण जाट ने बताया कि मेले के नाम पर कृषि विभाग के अधिकारी सरकार को लाखों रुपयों का चूना लगा रहे है। किसान रामेश्वर चौधरी ने बताया कि आयोजकों द्वारा राज्य एवं केन्द्र सरकार की किसान के हित संबंधी जानकारी देने के लिए एक भी स्टॉल नहीं लगाई गई। यह किसानों के साथ छलावा है।

## गांजा तस्करी के मामले में 12 साल कठोर कारावास और जुर्माना

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

एनडीपीएस कोर्ट ने 74 किलो अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार हुए आरोपी को 12 साल कठोर कारावास और 1 लाख 20 हजार रु जुर्माने से दंडित किया है । विशिष्ट न्यायधीश एनडीपीएस कोर्ट जगदीश प्रसाद शर्मा ने इस मामले में अहम फैसला सुनाया । उक्त मामले की पैरवी विशिष्ट लोक अभियोजक रामस्वरूप गुर्जर ने की ओर ट्रायल के दौरान आरोप सिद्ध करने के लिए 9 गवाह और 54 दस्तावेज पेश किए । न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए दंडित किया । 8 जनवरी 2020 को मांडल के तत्कालीन थाना अधिकारी राजेंद्र गोदारा गश्त पर थे जिन्हे डीवायएसपी से सूचना मिली की बडलियास हाउस के पास यूनिक बिल्डर कॉलोनी स्थित मकान विला सेक्स रैकेट संचालित हो रहा है । मकान की तलाशी तो ऊपर कमरे के तल पर 74 किलो गांजा मिला जिसे जप्त कर आरोपी दुर्गलाल उर्फ दुर्गेश पुत्र धन्नालाल गुर्जर निवासी तिलक नगर को गिरफ्तार किया गया आरोपी ने मकान यहां किराए पर लिया हुआ था आरोपी यहां सेक्स रैकेट चला रहा था जिसके कब्जे से 74 किलो अवैध गांजा बरामद हुए । पुलिस ने जांच पूरी होने के बाद एनडीपीएस नोट में चार्जशीट दाखिल की । सुनवाई पूरी होने के बाद विशिष्ट न्यायाधीश एनडीपीएस कोर्ट जगदीश प्रसाद शर्मा ने आरोपी को दोषित मानते हुए 12 साल कठोर कारावास और 1 लाख 20 हजार रु अर्थदंड से दंडित किया।

## धूवाला के बालाजी मंदिर में चोरी का खुलासा, दो शातिर चोर गिरफ्तार

### चांदी का मुकुट, हार व कलगी बरामद, रात्रि में ताला तोड़कर देते थे वारदात को अंजाम

स्मार्ट हलचल| माण्डल

पुलिस थाना माण्डल ने ग्राम धूवाला स्थित बालाजी मंदिर में हुई चोरी का खुलासा करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चोरी हुआ चांदी का मुकुट, हार व कलगी (करीब एक किलो वजनी) बरामद कर ली है।

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहाड़ा बुद्धराज (आरपीएस) व वृत्ताधिकारी माण्डल राहुल जोशी (आरपीएस) के सुपरविजन में थानाधिकारी रोहिताश्व यादव के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

### घटना का विवरण

प्रार्थी जगदीश शर्मा (74) निवासी धूवाला ने 22 फरवरी 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई कि प्रातः करीब 5 बजे हनुमान मंदिर में पूजा करने पहुंचे तो मूर्ति पर चढ़ा चांदी का मुकुट, हार और कलगी गायब मिले। अज्ञात चोर मंदिर का ताला तोड़कर आभूषण चोरी कर ले गए। इस पर प्रकरण संख्या 68/26 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### ऐसे पहुंचे आरोपी तक

पुलिस टीम ने घटनास्थल व आसपास के सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया। पूर्व में संपत्ति संबंधी अपराधों में लिप्त संदिग्धों की गतिविधियों पर निगरानी रखी गई। जांच के दौरान शंकर (23) व सोनू सिंह (22) निवासी धूवाला की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं। पूछताछ में दोनों ने चोरी करना स्वीकार किया।

### वारदात का तरीका

पुलिस के अनुसार आरोपी रात्रि में मंदिर का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे।

दोनों आरोपियों से अन्य मामलों में भी पूछताछ जारी है। पुलिस टीम में साईबर सेल व डीएसटी के कार्मिकों का विशेष योगदान रहा।

## दक्ष हॉस्पिटल मामले में आया नया मोड़...

# मामले में निष्पक्ष जांच एव कार्यवाही को लेकर सीएम, स्वास्थ्य मंत्री, कलेक्टर के नाम सोंपा ज्ञापन, जांच एव कार्यवाही की मांग


स्मार्ट हलचल| ओम जैन

**चित्तौड़गढ़।** दक्ष हॉस्पिटल मामले में अब नया मोड़ आ गया है, पिछले दो दिनों से अखबारों की सुर्खियां बना यह मामला अब भी थमने का नाम नही ले रहा है, मामले को लेकर पीड़ित सोनु गिरी ने दक्ष हॉस्पिटल एवं डॉ. चिन्मय के विरुद्ध दुर्व्यवहार, जबरन आयुष्मान योजना में शामिल करने, बिल में अनियमितता एव जांच के सम्बंध में सीएमएचओ को मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री ओर जिला कलेक्टर के नाम शिकायत पत्र सौंपा।

सोनु द्वारा सौंपे शिकायत पत्र में उन्होंने बताया कि 23 फरवरी 2026 को मैं अपनी पत्नी को दक्ष हॉस्पिटल में उपचार हेतु लेकर गया था। परामर्श के दौरान डॉ. चिन्मय द्वारा मेरी पत्नी की जांच की गई और दो दिन के लिए भर्ती करने की सलाह दी गई।

भर्ती के समय अस्पताल स्टाफ एवं डॉक्टर द्वारा मुझे आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत भर्ती कराने के लिए लगातार दबाव डाला गया। मेरे स्पष्ट मना करने के बावजूद मुझे मानसिक रूप से मजबूर किया गया, जिसके कारण मुझे अनिच्छा से आयुष्मान योजना के अंतर्गत भर्ती कराना पड़ा। भर्ती के दौरान केवल सामान्य उपचार एंटीबायोटिक, दर्द निवारक दवाइयाँ एवं ग्लूकोज़ ड्रिप दिया गया।

24 फरवरी को जब मैंने डिस्चार्ज की




मांग की, तो मुझे बताया गया कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत कम से कम चार दिन भर्ती रहना अनिवार्य है। मैंने स्पष्ट कहा कि मैं योजना के अंतर्गत उपचार नहीं करवाना चाहता और नकद भुगतान करने के लिए तैयार हूँ। लगभग दोपहर 3 बजे नकद भुगतान की सहमति देने के बावजूद 3-4 घंटे तक बिना कारण जानबूझकर डिस्चार्ज नहीं दिया गया। पूरे घटनाक्रम के दौरान डॉक्टर एवं स्टाफ का बात करने का तरीका अत्यंत अनुचित, असम्मानजनक एवं अपमानजनक था। उन्होंने ऊँची आवाज में बात की, अभद्र भाषा का प्रयोग किया तथा मुझे और मेरे साथ आए लोगों को डराने एवं दबाव बनाने का प्रयास किया।

### बिलिंग प्रक्रिया में भी गंभीर अनियमितताएँ सामने आईं

सोनु ने अपने शिकायत पत्र में बताया कि मेरे द्वारा बिल मांगा गया जिसमें पहले तो टालमटोल किया गया लेकिन बाद में मुझे 4 बार अलग अलग बिल दिए गए जिसमे पहला बिल 12,000 का दिया, मेने ओपजेक्शन किया तो बाद में कहा गया कि यह किसी अन्य मरीज का है, जबकि उस बिल पर मेरी पत्नी का ही नाम था। दूसरी बार मे मुझे 1,500 का बिल लाकर दिया। तीसरा बिल मुझे 2086 रुपये का दवा का लाकर दिया, बार बार बिल बदलने पर मैने जब सवाल किया और सही बिल देने को बात पर अड़ गया तो अंत में विवाद के बाद मुझे 4000 रुपये का बिल दिया गया। मेरे बार बार मांगने के बावजूद मुझे उचित एवं विस्तृत बिल उपलब्ध नहीं कराया गया। यह कहा गया कि आयुष्मान योजना में बिल नहीं दिया जाता, जो कि अत्यंत संदिग्ध है।

### आयुष्मान योजना में गड़बड़झाला, उचित जांच हो

साथ ही उन्होंने बताया कि मुझे संदेह है कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत बढ़ा-चढ़ाकर बिल बनाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। यदि ऐसा है तो यह गंभीर वित्तीय अनियमितता है। अतः डॉक्टर एवं स्टाफ के दुर्व्यवहार की निष्पक्ष जांच की जाए, संबंधित डॉक्टर की शैक्षणिक योग्यता एवं पंजीकरण की जांच करवाई जाए। आयुष्मान योजना के अंतर्गत किए गए बिलों की जांच की जाए। अस्पताल की बिलिंग प्रक्रिया की विस्तृत जांच कर उचित कार्रवाई की जाए। साथ ही मांग की कि मुझे उपचार का पूर्ण एवं विस्तृत बिल उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग और प्रसासन से इस गंभीर मामले में शीघ्र एवं निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। मामले को लेकर सीएमएचओ तारा चंद गुप्ता ने कहा कि मुझे शिकायत पत्र मिला है, टीम गठित कर हॉस्पिटल भेजी है, मामले में जांच जारी है।

पेशेवर योग्यता एवं आचरण पर भी संदेह, शैक्षणिक योग्यता एवं रजिस्ट्रेशन की हो जांच

सोनु गिरी ने शिकायत पत्र सौंप मांग की है कि डॉक्टर द्वारा जिस प्रकार का व्यवहार और बातचीत की गई, उससे मुझे उनकी पेशेवर योग्यता एवं आचरण पर भी संदेह उत्पन्न हुआ है। अतः आपसे निवेदन है कि संबंधित डॉक्टर की शैक्षणिक योग्यता एवं पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) की भी जांच करवाई जाए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे विधिवत पात्र एवं अधिकृत चिकित्सक हैं।

## शहरी क्षेत्र के 8 ब्लॉक में एनएसएस सर्वे 24 फरवरी से 30 अप्रैल तक

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उपनिदेशक डॉ सोनल राज कोठारी ने बताया कि सामाजिक एवं आर्थिक पहलुओं के संबंध में जानकारी एकत्र करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिवर्ष एनएसएस सर्वे का कार्य किया जाता है। इसमे 80वें दौर के अन्तर्गत 'घरेलू पर्यटन व्यय सर्वेक्षण' विषय पर सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है।

एनएसएस सर्वे हेतु सांख्यिकी कार्यालय के कार्मिको द्वारा 24 फरवरी से 30 अप्रैल के मध्य भीलवाड़ा के शहरी क्षेत्र के 8 ब्लॉक अहिंसा सर्किल केन्द्रीय विद्यालय, तिलक नगर, श्री मंशा पूर्ण बालाजी सेवा संस्थान, महादेव मंदिर के सामने पुलिस लाइन के पास, काली माता टेम्पल अरिहंत हॉस्पिटल के आगे, भोपाल गंज कलेक्ट्रेट, मदीना मस्जिद शास्त्री नगर, लेबर कोलोनी पांसल चौराहा क्षेत्रो मे सर्वे कार्य किया जायेगा। साथ ही उन्होंने आमजन से अपील की कि जब सांख्यिकी कार्यालय के कार्मिक आपके पास सर्वे हेतु आएं, तो उन्हें सही एवं पूरी जानकारी दें ताकि संकलित सूचना का उपयोग राष्ट्रीय योजनाओं के निर्माण एवं नीति निर्धारण में किया जा सके।

## बनेड़ा अस्पताल में एक्सरे मशीन खराब, मरीज परेशान

स्मार्ट हलचल|बनेड़ा

उपखण्ड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्सरे मशीन के बदं होने से लोगों को काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है।

सीएचसी मे एक्सरे मशीन के काफी समय से खराब ( कंडम) पडे होने से यहां आने वाले रोगियों का काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा हैं। मशीन के बदं होने के लोगों को एक्सरे करवाने के लिए भीलवाड़ा जाने को मजबूर होना पड रहा है। जिसके कारण समय के साथ ही पैसो की भी बर्बादी हो रही है। मगर फिर भी नही तो चिकित्सा विभाग द्वारा और ना ही जनप्रतिनिधीयो इस और ध्यान दिया जा रहा है।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं बनवारी लाल मीणा (उम्र 48 वर्ष), पुत्र श्री गंगाराम मीणा, निवासी कस्बा व तहसील विराटनगर, जिला कोटपूतली-बहरोड़ (राजस्थान), भारतीय सेना में सूबेदार मेजर के पद पर कार्यरत हूँ। मेरा पुत्र अनिल कुमार मीणा एवं मेरी पुत्री अनीता मीणा (पत्नी श्री विजेश कुमार मीणा) मेरी आज्ञा से बाहर हैं और उनकी गतिविधियाँ अनैतिक व आपराधिक प्रवृत्तियों वाली हैं। उनके व्यवहार से मेरे व मेरे परिवार के जीवन को खतरा बना हुआ है। अतः मैं आज दिनांक 25/02/2026 से अपने उक्त पुत्र अनिल कुमार मीणा व पुत्री अनीता मीणा को अपनी तमाम चल-अचल, निजी एवं पैतृक संपत्ति, मकान व बैंक जमा आदि से पूर्णतः बेदखल करता हूँ। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कानूनी, गैर-कानूनी या सामाजिक कार्य के लिए मेरा या मेरे परिवार का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

**भवदीय**
**बनवारी लाल मीणा विराटनगर, कोटपूतली-बहरोड़**

# धोली में नरकीय जीवन जीने को मजबूर ग्रामीण: सड़कों पर बह रहा गंदा पानी, पोर्टल पर फर्जी रिपोर्ट पेश कर रहे अधिकारी

स्मार्ट हलचल | आसींद

एक तरफ सरकार स्वच्छ भारत मिशन के नाम पर ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए पानी की तरह पैसा बहा रही है, वहीं दूसरी ओर आसींद क्षेत्र के धोली ग्राम में जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। ग्राम पंचायत मोतीपुर के धोली गांव में मुख्य सड़कों पर बहता गंदा पानी प्रशासन के दावों की पोल खोल रहा है। लाखों रुपए खर्च होने के बावजूद ग्रामीणों को गंदगी और बदबू के बीच रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि मोतीपुर पंचायत के सरपंच और सचिव की मिलीभगत से सरकारी धन का जमकर दुरुपयोग हो रहा है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत नाली निर्माण और जल निकासी के लिए





मिलने वाले फंड का सही उपयोग नहीं किया गया। सड़क पर जमा गंदे पानी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे क्षेत्र में मौसमी बीमारियां और महामारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है। शिकायत पर धोखाधड़ी, दूसरी पंचायत के दस्तावेज किए अपलोड।

हैरानी की बात यह है कि जब ग्रामीणों ने परेशान होकर राज्य सरकार के संपर्क पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई, तो समाधान के नाम पर बड़ा खेल किया गया। पंचायत अधिकारियों ने मौके पर नाली निर्माण या सफाई करवाने के बजाय पोर्टल पर रिपोर्ट बंद करने के लिए दूसरी पंचायत के राशन कार्ड और अन्य दस्तावेजों की कॉपियां लगाकर रिपोर्ट भेज दी। अधिकारियों की इस जालसाजी के सबूत वर्तमान में सरकारी पोर्टल पर सार्वजनिक रूप से देखे जा सकते हैं। स्थानीय प्रशासन और पंचायत अधिकारियों की इस मनमर्जी और भ्रष्टाचार को लेकर ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार गुहार लगाने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही। सरकारी नियमों को ताक पर रखकर अधिकारी अपनी मनमर्जी चला रहे हैं। गंदे पानी से स्कूली बच्चों और बुजुर्गों का निकलना दूभर हो गया हैं। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर और उच्चाधिकारियों से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाए, पोर्टल पर फर्जी रिपोर्ट अपलोड करने वाले दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो और जल्द से जल्द नाली निर्माण करवाकर जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## फिल्म अभिनेता का फोन हैक, एआई से बनी अश्लील फोटोज से ठगी का प्रयास

स्मार्ट हलचल | गंगापुर

भीलवाड़ा जिले के खजुरिया क्षेत्र के मूल निवासी और मुंबई में फिल्मों में फोटोग्राफी एवं अभिनय के क्षेत्र में सक्रिय देव राव का मोबाइल फोन साइबर हैकर्स के कब्जे में चला गया। हैकर्स ने एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) टेक्नोलॉजी का दुरुपयोग कर उनके मित्रों एवं परिवार की महिलाओं की नग्न एवं अश्लील फोटोज तैयार कीं और इन्हें व्हाट्सएप ग्रुप्स तथा परिचितों के मोबाइल पर भेज दिया। साथ ही कुछ नंबरों पर पैसे की मांग भी की गई।

जानकारी मिलते ही देव ने तुरंत एक मैसेज ग्रुप में शेयर कर सभी परिचितों को सावधान किया कि उनके फोन से कोई भी संदेश या फोटो आए तो उस पर भरोसा न करें, क्योंकि उनका अकाउंट हैक हो चुका है।

देव राव मुंबई में बॉलीवुड एवं अन्य फिल्म प्रोजेक्ट्स में काम करते हैं। वह लंबे समय से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं और



इलाज के साथ-साथ अपने करियर को संभालने का संघर्ष कर रहे हैं। इस घटना ने उन्हें मानसिक रूप से काफी परेशान किया है।

मुम्बई पुलिस ने मोबाइल जब्त कर लिया है देव राव उनकी निगरानी में हैं और मामले की जाँच कर रहे है। राव ने इसकी शिकायत स्थानीय पुलिस थाने में दर्ज कराई है और साइबर सेल से जांच की मांग की है।

राव ने अपील की है 'सभी दोस्तों और परिचितों से निवेदन है कि मेरे या मेरे परिवार के नाम से आने वाले किसी भी संदेश, फोटो या पैसे मांगने वाले मैसेज पर ध्यान न दें। यह पूरी तरह फर्जी है। कृपया सतर्क रहें।

## रायला में आम मुस्लिम समाज की नई कमेटी गठित, इरफान मोहम्मद बने सदर

स्मार्ट हलचल

**रायला।** रायला जुमे की नमाज के बाद दरगाह शरीफ परिसर, रायला में आम मुस्लिम समाज की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से युवा इरफान मोहम्मद रंगरेज़ को समाज का नया सदर चुना गया। इस मौके पर पूर्व कमेटी सदस्य, गांव के बुजुर्ग व युवा बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

नवनियुक्त सदर इरफान मोहम्मद रंगरेज ने समाज का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी को वे पूरी निष्ठा से निभाएंगे। उन्होंने समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने और आपसी भाईचारे को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया।

## मानसिक ताकत की मशाल बनी भीलवाड़ा की डॉ. आकांक्षा

### 'माइंड-बॉडी-सोल कनेक्शन' से हजारों महिलाओं को दिया आत्मबल

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर भीलवाड़ा की जानी-मानी हीलिंग मेंटर डॉ. आकांक्षा ने यह साबित कर दिया कि असली सशक्तिकरण केवल आर्थिक नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक मजबूती से आता है। उनके 'माइंड-बॉडी-सोल कनेक्शन' मॉडल ने सैकड़ों नहीं, बल्कि अब तक 1000 से अधिक लोगों की जिंदगी में उम्मीद की नई रोशनी जलाई है।

डिप्रेशन, एंग्जायटी और



मानसिक तनाव जैसी समस्याओं से जूझ रहे लोगों के लिए डॉ. आकांक्षा किसी संजीवनी से कम नहीं हैं। वर्षों से वे विशेष सेशन्स, वर्कशॉप्स और हीलिंग प्रोग्राम्स के जरिए लोगों को भीतर से मजबूत बना रही हैं। खास बात यह है कि उनका मिशन महिलाओं को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी और भावनात्मक रूप से मजबूत बनाना है।

महिला दिवस पर उन्होंने दो टूक कहा कि 'हर महिला अपने भीतर अपार शक्ति लेकर पैदा होती है। जब वह अपने मन, शरीर और आत्मा से जुड़ती है, तो सिर्फ खुद को नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को बदल देती है।'

छोटे शहर में मानसिक स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील विषय पर काम करना किसी चुनौती से कम नहीं, लेकिन डॉ. आकांक्षा ने इसे अपनी ताकत बना लिया है। उन्होंने महिलाओं के लिए ऐसा सुरक्षित मंच तैयार किया है, जहां वे बिना डर अपनी पीड़ा, तनाव और उलझनों को साझा कर सकें। उनका सपना है कि आने वाले समय में 'माइंड-बॉडी-सोल कनेक्शन' की यह हीलिंग पद्धति हर घर तक पहुंचे, ताकि हर महिला अपनी छुपी शक्ति को पहचाने और डर नहीं, आत्मविश्वास के साथ जीवन जिए।

## आंगनवाड़ी केंद्र पर बैग, वाटर बोतल वितरण कार्यक्रम



स्मार्ट हलचल | बनेड़ा

पंचायत समिति क्षेत्र के सालरियाकला ग्राम पंचायत मुख्यालय पर स्थित आंगनबाड़ी को आधुनिक सुविधा से लैश नन्द घर के रूप में विकसित किया गया।

यह पहल वेंदाता ग्रुप के अनिल अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा संचालित अर्पण सेवा संस्थान के सहयोग से साकार हुई है। क्लस्टर सुपरवाइजर ललिता माली ने बताया की 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को बेहतरीन शिक्षा देने के लिए बच्चो को बैग, बोतल समेत विभिन्न सामग्री वितरण की गई. सरकारी योजना की जानकारी दी गई।इस कार्यक्रम मे बच्चों की माताएँ भी उपस्थित रही. इस दौरान ICDS विभाग से ब्लॉक कॉर्डिनेटर उगन्ता यादव,क्लस्टर सुपरवाइजर ललिता माली. कार्यकर्त्ता हेमलता पारीक, व सहायका भुला कँवर, समेत कई महिला उपस्थित थी।

## फागो उत्सव मनाया, गाये भजन

स्मार्ट हलचल | पुर

पुर आरटीओ सर्कल तीन नंबर चौराहे के पास पंचमुखी हनुमान मंदिर के पीछे स्थित सगस जी महाराज श्री श्री शंकर सिंह जी राठौर के मंदिर परिसर में महिला मंडल द्वारा धूमधाम से फागो उत्सव मनाया गया।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पुजारी रतनलाल शर्मा ने बताया कि फागुन माह के उपलक्ष्य में आयोजित इस उत्सव में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मंदिर परिसर में भक्ति और उल्लास का वातावरण बना रहा। भजनों की गूंज



के साथ फागुन के पारंपरिक गीतों पर महिलाओं ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर फाग उत्सव की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला।

## खटीक समाज ने दिया किन्नर समाज के खिलाफ ज्ञापन





स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** किन्नर समाज के प्रतिनिधियों द्वारा आये दिन की जाने वाली अवैध वसूली के लिए श्री शिवशक्ति मण्डल खटीक समाज अतिरिक्त कलेक्टर प्रकाश चन्द्र रेगर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश आर्य को ज्ञापन दिया गया।खटीक समाज के अध्यक्ष सत्यनारायण चावला ने बताया कि किन्नर समाज के प्रतिनिधि लगभग दो-तीन सालों से मांगलिक आयोजनों पर अवैध रूप से अनैतिक राशि की मांग की जाती है और चुकता नही किये जाने पर लड़ाई-झगड़ा पर आमादा हो जाते है।किन्नर समाज के प्रतिनिधियो द्वारा बच्चे-बच्चियों के जन्म पर भी पेसो को लेकर बहुत मनमानी की जाती है।जिससे लोगो को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है।आए दिन किन्नर समाज के प्रतिनिधि घर पर पैसे मांगने आ जाते है और अपनी मनमानी करते है।अगर इनको मनचाहा पैसा नही देते है तो ये लड़ाई-झगड़े तक उतारू हो जाते है।खटीक समाज ने बैठक में सर्वसम्मति से मांगलिक आयोजनों पर नेक स्वरूप 2100/-रुपये देना तय किया है।इससे अधिक राशि अदा नही की जाएगी।

अतः प्रशासन से अनुरोध है कि किन्नर समाज के प्रतिनिधियो को सूचित करते हुए पाबन्ध किया जाए।अन्यथा अब ऐसे मौके पर होने वाले किसी भी प्रकार के विवाद और झगड़े के लिए समाज का कोई भी व्यक्ति दोषी नही होगा।समस्त जिम्मेदारी किन्नर समाज के प्रतिनिधियो और प्रशासन की रहेगी।समस्त खटीक समाज शाहपुरा।

## काछोला में महिलाओं ने फूलों की होली संग मनाया फाग महोत्सव

भगवान श्रीकृष्ण के स्वरूप के समक्ष भजनों व नृत्य से गूंजा परिसर



स्मार्ट हलचल | काछोला

कस्बे में महिला मंडल के तत्वावधान में फाग महोत्सव का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। महिलाओं ने भगवान श्रीकृष्ण के स्वरूप के समक्ष फूलों की होली खेलते हुए पारंपरिक फाग गीतों, भजनों और नृत्य के माध्यम से भक्ति रस में सराबोर वातावरण बना दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत गुलाल का टीका लगाकर की गई। महिला मंडली की अर्चना शर्मा, चंदा आचार्य, कृष्णा निर्मला सेन और चमेली शर्मा ने बताया कि फाग उत्सव का शुभारंभ भजनों के साथ हुआ। महिलाओं ने 'रंग मत डाले रे, होलिया में उड़े रै गुलाल' जैसे पारंपरिक भजनों पर उत्साहपूर्वक नृत्य किया।

महोत्सव के दौरान लड्डू गोपाल और झूलेलाल भगवान की प्रतिमा के समक्ष पुष्प वर्षा की गई। रंग-बिरंगे फूलों और गुलाल से पूरा परिसर महक उठा। 'राधे-राधे' और 'श्याम' के जयकारों के बीच महिलाएं भक्ति में लीन नजर आईं। बुजुर्ग महिलाओं ने पारंपरिक फाग गीत गाकर समां बांध दिया।

महिला मंडल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने पूरे क्षेत्र में सांस्कृतिक उत्साह का संचार किया। आयोजन का समापन फूलों की होली के साथ हुआ। उपस्थित महिलाओं ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम सामाजिक सौहार्द और सांस्कृतिक विरासत को सशक्त बनाते हैं।

## एकादशी पर खामोर चारभुजा नाथ मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, महिलाओं ने मनाया भक्ति-रंग का फागोत्सव

### ठाकुर संग खेली होली, हलवा एवं पंचामृत का भोग लगाया

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** एकादशी के पावन अवसर पर खामोर के चारभुजा नाथ मंदिर में ठाकुर जी संग होली खेलकर महिलाओं ने फागोत्सव धूमधाम से मनाया।मंदिर परिसर में भक्तों की आवाजाही बनी रही,लेकिन जैसे ही एक समान पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं का समूह मंदिर पहुंचा,पूरा वातावरण भक्तिमय ऊर्जा से सराबोर हो गया। मंदिर को पुष्पमालाओं, रंगोली और विशेष सजावट से सुसज्जित किया गया। ठाकुर जी का आकर्षक और मनमोहक श्रृंगार किया गया।विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ



महिलाओं द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत की गई। धूप-दीप,मंत्रोच्चार और आरती के बीच महिलाओं ने फलाहार के साथ विशेष भोग चढ़ाया,जिसमें स्वादिष्ट हलवा, काजू, बादाम, दाख तथा घी, दूध, दही, शहद और शक्कर से निर्मित पंचामृत अर्पित किया गया। अनीता वैष्णव ने बताया कि श्रद्धालुओं ने परिवार और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। महिलाओं ने ठाकुर जी को गुलाल अर्पित कर श्रद्धा भाव से होली खिलाई। इसके बाद एक-दूसरे को रंग लगाकर प्रेम, सौहार्द और एकता का संदेश दिया गया। डीजे की मधुर धुनों पर पारंपरिक फागोत्सव बधाई गीत गूंजे,फागोत्सव कार्यक्रम में महिलाएं बधाई गीत गाती हुई नाचती नजर आई।एकता जोशी ने बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान भर नहीं रहा, बल्कि सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक परंपरा और नारी शक्ति के सशक्त प्रदर्शन का प्रतीक बन गया। एकादशी का यह विशेष फागोत्सव श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक आनंद, सामूहिक उत्साह और सांस्कृतिक गौरव का अविस्मरणीय अवसर बनकर यादगार हो गया। वही फाल्गुन माह की विशेष रंग की साड़ी में दिखाई दी महिलाएं। में एकता जोशी, अनीता वैष्णव, सुमन व्यास, किरण शर्मा, सीता शर्मा, कविता वैष्णव, मंजू वैष्णव, गुड्डी देवी बाल्दी, रानी पाराशर, अंजली शर्मा,मंजू व्यास,मंजू पाराशर,लालता शर्मा,शांति पाराशर सहित अनेक महिलाओं की सहभागिता रही।

## झूलेलाल मन्दिर में फागोत्सव मनाया

### किया गुलाल रंग और अबीर से भगवान को सराबोर, पुष्प वर्षा कर बाँटी सिंधी मिठाइयां



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

शहर के नाथद्वारा सराय के झूलेलाल मन्दिर में गुरूवार को सिंधी समाज की झूलेलाल महिला मंडली ने मथुरा वृंदावन व बरसाना की तर्ज पर राधा कृष्ण व भगवान झूलेलाल संग महिलाओं ने गुलाल रंग अबीर व फूलों से फागोत्सव मनाया।

सिंधी समाज के मीडिया प्रभारी मूल चंद बहरवानी ने बताया कि पूज्य हेमराजमल साहब सेवा समिति के तत्वावधान में सामाजिक सरोकारों के अंतर्गत आयोजित इस फागोत्सव कार्यक्रम में सर्वप्रथम दादी भगवंती भगत के नेतृत्व में सपना झूरानी, कोमल चावला, सीमा भगत, रानी कलवानी, भारती भगत, सुशीला लखानी, कोमल थावानी, विद्या फुलवानी, सरिता केवलानी, रूकमणि जेठानी, कोमल भगत, माया जेठानी, भारती भगत सहित सैंकडो महिलाओं ने सर्व प्रथम भगवान झूलेलाल की प्रतिमा को गुलाल रंग अबीर लगाकर फूल अर्पित कर होली का फागोत्सव मनाया।

इस दौरान पारंपरिक सिंधी व्यंजन गीयर, रोट प्रसाद की कुटी, रेवड़ी आदि का प्रसाद अर्पित कर सभी में वितरित किया गया।

कार्यक्रम में सभी स्त्री श्रद्धालुओं ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर भगवान राधा कृष्ण का आव्हान किया. अंत में सभी महिलाओं ने एक दूसरे के गले मिलकर फागोत्सव एवं होली पर्व की बधाइयाँ दीं।

## श्री प्रताप सिंह बारहठ महाविद्यालय की छात्राओं ने किया शैक्षिक भ्रमण

### गांछा बस्ती में पहुंचकर निराश्रित परिवारों की सामाजिक एवं आर्थिक समस्याओं को नजदीक से समझा

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** श्री प्रताप सिंह बारहठ राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राजस्थान राज्य महिला नीति की विभिन्न गतिविधियों के अन्तर्गत प्राचार्य डॉ. पुष्कर राज मीणा के निर्देशन में छात्राओं ने शाहपुरा की गांछा बस्ती में निराश्रितों की सामाजिक एवं आर्थिक समस्याओं को जानने एवं समझने हेतु शैक्षिक भ्रमण किया। महिला प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. ऋचा अंगिरा ने इस भ्रमण के दौरान ही छात्राओं को विभिन्न समाजिक



समस्याओं एवं विभिन्न संस्थानों जैसे वृद्धा आश्रम, अनाथ आश्रम आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान कर समाजिक समस्याओं के प्रति सहानुभूतिपूर्ण एवं सहायतापूर्ण दृष्टिकोण विकसित करने का प्रयास किया, साथ ही उन्होनें व्यवहारिक दृष्टिकोण से उनकी समस्याओं को समझकर उनके समाधान के उपाय भी सुझाएं। श्रीमती जूबेदा बानू ने षिक्षा की उपयोगिता के बारे में बताते हुए सभी से बच्चों को विद्यालय भेजने की अपील की। छात्राओं ने निराश्रितों से परस्पर संवाद करते हुए उनकी समाजिक समस्याओं को समझा। इस अवसर पर फल एवं बिस्कीट का वितरण भी किया गया। इसके पश्चात् महाविद्यालय में ग्रामीण विकास एवं ग्रामीण क्षेत्र में छात्राओं का संवावलम्बल विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें महिला प्रकोष्ठ संयोजक डॉ. ऋचा अंगिरा ने ग्राम पंचायत के संगठन एवं कार्यो पर प्रकाष डालते हुए इसकी ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका पर बात की, साथ ही ग्रामीण विकास में महिलाओं की भूमिका पर चर्चा की। डॉ़ अनिल श्रोत्रिय ने ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं के नेतृत्व, रोजगार के अवसर एवं राजनीतिक प्रक्रिया एवं राजनीतिक संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी से ग्रामीण विकास के विषय में बात की। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ़ पुष्कर राज मीणा ने बताया कि महिला सषक्तिकरण से ही राष्ट्र की उन्नती संभव है। उन्होनें छात्राओं को सदैव जागरुक रहने एवं आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के अन्त में महिला प्रकोष्ठ सदस्य श्रीमती नेहा जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम मे सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

## अजमेरा बने आईसीएआई की पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद के अध्यक्ष

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद की बैठक में वर्ष



2026-27 के लिए नए पदाधिकारियों का निर्वाचन, आईसीएआई के उपाध्यक्ष, केंद्रीय परिषद सदस्यों तथा सभी क्षेत्रीय परिषद सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस बैठक में सीए सौरभ अजमेरा को वर्ष 2026-27 के लिए पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद के अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किया गया। सीए रिंकिन पटेल को उपाध्यक्ष, सीए बिशन शाह को सचिव तथासीए राकेश शाह को कोषाध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किया गया। निर्वाचन सौहार्दपूर्ण एवं व्यावसायिक वातावरण में सम्पन्न हुआ, जो पेशे के प्रति नेतृत्व, प्रतिबद्धता और सेवा की भावना को दर्शाता है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने परिषद सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए पेशे के सुदृढ़ीकरण, सदस्यों की सेवाओं के विस्तार तथा पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद एवं आईसीएआई के समग्र विकास हेतु समर्पित भाव से कार्य करने का आश्वासन दिया। आईसीएआई के उपाध्यक्ष, सीसीएम्स तथा सभी क्षेत्रीय परिषद सदस्यों की उपस्थिति ने इस अवसर को और अधिक गरिमामय बनाया तथा आगामी कार्यकाल के लिए एक सकारात्मक एवं प्रगतिशील दृष्टि को प्रदर्शित किया। आईसीएआई के पाँच रीजन सेंट्रल, इस्टर्न, नोर्थन, साउथ एवं वेस्टर्न रीजन में वेस्टर्न रीजन सबसे बड़ा रीजन है जिसमें 2 लाख से अधिक सदस्य एवं चार लाख से अधिक स्टूडेंट है। साथ ही इस रीजन में महाराष्ट्र, गुजरात, एवं गोवा राज्य आते है। सीए सौरभ अजमेरा भीलवाड़ा के भोजरास गाँव के निवासी है एवं पिछले 12 सालों से मुंबई में निवासरत है एवं वेस्टर्न इंडिया रीजनल काउंसिल में पिछले 2 बार से चुनाव जीत के सदस्य बने है। रीजनल कौंसिल में 21 सदस्य है इसमें से सौरभ अजमेरा को वर्ष 2026-27 के लिए अध्यक्ष बनाया गया है। सौरभ का कार्यकाल एक वर्ष का रहेगा।

# माहे रमजान में रोजेदार पर बरसती हैं खुदा की रहमतें - शाह आलम

## रमजान का पहला असरा रहमत का मगफिरत का दूसरा असरा होगा शुरू शुरू, रोजेदार इबादतों में मशगूल

### मौलाना शाह आलम ने रोजे की बताई फजीलत

स्मार्ट हलचल| काछोला

कस्बे में जामा मस्जिद में माहे रमजान में रहमत के पहले असरे पर जामा मस्जिद पेश इमाम मौलाना मोहम्मद शाह आलम व मदरसा के बच्चो व रोजेदारों का स्वागत किया। काछोला जामा मस्जिद के मौलाना मोहम्मद शाह आलम ने रोजेदारों के सम्मान समारोह में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि की रमजान उल मुबारक तशरीफ लाये 10 दिन होने जा रहे है ।

रहमत वाला पहला असरा शनिवार को पूरा होकर और दूसरा असरा शुरू हो रहा है।

यह महीना इबादत, रहमत और बरकत वाला महीना है। रमजान उल मुबारक में जहां कुरान शरीफ नाजिल हुआ वही तीन असरों के कारण भी यह खास महीना माना जाता है। रमजान के 30 दिनों को तीन हिस्से में बांटा गया है, असरा का अर्थ 10 दिन से है।

माह के पहले दस दिनों तक अल्लाह अपने बंदों पर रहमतों की बारिश करता है। इसके बाद के दस दिन यानी दूसरे अशरे में अल्लाह अपने बंदों के गुनाह माफ करता है, जबकि तीसरा असरा दोज़ख की आग से निजात दिलाता है।



शुक्रवार को मौलाना मोहम्मद शाह आलम ने रोजेदारों को कहा कि रोजा सिर्फ भूखे प्यासे रहने का नाम नही है, रोजा एक ट्रेनिंग है अपनी ख्वाहिशों पर काबू पाने की, रोजा आंख, आंखों को बुराई देखने से बचाये, कान से बेहूदा बाते सुनने से बचाये, जबान से झूठ, गीबत, गन्दी बाते से ज़बान को बचाये, हाथ का बुरे कामो से बचे, पैर का बुरी जगहों पर जाने से बचे तब जाकर रोजा मुकम्मल होता है।

वही मौलाना आलम ने कहा की सामाजिक नज़रिए से भी रोजे का महत्व कम नहीं है, खानपान और रहन-सहन से जुड़ी तमाम पाबंदियों के बीच जहां रोजेदारों के बीच से समाज में सादगी, त्याग और संयम, भाईचारा, मोहब्बत का संदेश प्रसारित होता है। वही सामूहिक इबादत व इफ्तारी से भाईचारा व मोहब्बत में इजाफा होता है। रोज़ा खाने-पीने और तमाम इंसानी आदतों पर रोजेदार को मन पर काबू रखने की ताकत को बढ़ाता है और दूसरे इंसानों की भूख, प्यास व दर्द को समझने से इंसानी जज्बा भी पैदा करता है।माहे रमजान को लेकर युवा, बुजुर्ग, मासूम बच्चे सहित ख्वातीन माँ, बहिने रोजा इफ्तारी, सेहरी, रोजा, नमाज, कुरान की तिलावत, इबादत, में पीछे नही है।

इस मौके पर सदर हाजी शरीफ मोहम्मद मंसूरी, हाजी रमजान अली बिसायती, हाजी कासम मोहम्मद रँगरेज, मोहम्मद शाबिर रँगरेज, रफ़ीक़ मंसूरी, अनवर मंसूरी, नन्हे खान मंसूरी, सैकड़ो रोजेदार मौजूद थे।

# युवा शक्ति क्लब ने की 'उड़ान' कार्यक्रम की शुरुआत




स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** कस्बे के सामाजिक संगठन युवा शक्ति क्लब द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराने हेतु 'उड़ान' कार्यक्रम की शुरुआत आज की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मालीराम यादव,उप ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कन्हैयालाल शर्मा द्वारा और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रधानाचार्य दिलीप सिंह महावर ने किया गया। विदित रहे कि 'उड़ान' कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक 200 से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हो चुके हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को शिक्षा के लिए आवश्यक पुस्तकों एवं अन्य पाठ्य सामग्री की व्यवस्था कराना है, ताकि कोई भी विद्यार्थी संसाधनों के अभाव में अपनी पढ़ाई से वंचित न रहे। जो अभिभावक अपने बच्चों की पुरानी पाठ्य सामग्री उपहार स्वरूप देना चाहते हैं, वे क्लब के सदस्यों से संपर्क कर सकते हैं। इसी प्रकार जिन विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री की आवश्यकता है, वे भी क्लब के सदस्यों से संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर क्लब के महावीर सेन, जगदीश बिल्लू, राजेश पाराशर, बलवंत जैन, किशन शर्मा, सुनील खटीक, मुकेश सेन,संदीप कोली और एडवोकेट नरेश सिंह तंवर, गौरव शर्मा मौजूद रहे।

# छात्रों ने किया कुंभलगढ़ फोर्ट का भ्रमण




स्मार्ट हलचल|बनेड़ा

पीएम श्री अक्षय स्मारक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने ग्रीन फील्ड विजिट कार्यक्रम के तहत कुंभलगढ़ फोर्ट का भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को कुंभलगढ़ फोर्ट का भ्रमण कराया गया जिसकी अंतर्गत उन्होंने कुंभलगढ़ फोर्ट का ऐतिहासिक महत्व जाना और उसमें स्थित सभी प्रकार की मॉन्यूमेंट्स का अवलोकन किया एवं उनका ऐतिहासिक महत्व जाना।ग्रीन फील्ड विजिट कार्यक्रम के तहत विद्यालय के विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष भ्रमण पर ले जाया जाता है। भ्रमण के दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य बसंत सांमरिया, प्रभारी कमलेश भाटिया, गणेश गौतम, राजकुमार स्वर्णकार, श्वेता जोशी, अशोक कुमार छीपा, कविता बसीटा, बसंती वैष्णव, गोपाल रेगर आदि स्टाफ सदस्य विद्यार्थियों के मार्गदर्शन हेतु उपस्थित थे।

# शाहपुरा में 19 मार्च को ऐतिहासिक हिंदू नव वर्ष मनाया जाएगा, तैयारियों की बैठक संपन्न

## 11000 कलशों के साथ निकलेगी विशाल शाही शोभायात्रा, गूंजेंगे स्वाति मिश्रा के भजन, साध्वी सरस्वती का होगा संबोधन

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** हिंदू नव वर्ष के पावन अवसर पर आगामी 19 मार्च को शाहपुरा नगर में भव्य और ऐतिहासिक नव वर्ष के उपलक्ष्य पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की पूर्व तैयारी को लेकर आदर्श विद्या मंदिर में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से कार्यक्रम की सफलता के लिए द्वारका प्रसाद पारीक को अध्यक्ष, हनुमान धाकड़ को संयोजक और जयकिशन घुसर को कोषाध्यक्ष नियुक्त किये गए।आयोजन समिति ने बताया कि 19 मार्च को प्रातः 9:00 बजे स्थानीय हायर सेकेंडरी स्कूल से विशाल 'शाही शोभा यात्रा' का शुभारंभ होगा। इस यात्रा में



11,000 महिलाएं कलश धारण करेगी। यात्रा के दौरान 108 विभिन्न मनमोहक झांकियां, हाथी,घोड़े और ऊंट मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे। यह शोभा यात्रा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से प्रारंभ होगी छतरी होते हुएमुख्य बाजार उदयफान गेट, कलींजरी गेट और बालाजी की छतरी होते हुए मुख्य बाजार से निकलेगी और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पर संपन्न होगी।

### साध्वी सरस्वती का उद्बोधन और स्वाति मिश्रा की भजन संध्या

शोभा यात्रा के पश्चात दोपहर 1:00 बजे हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में एक विशाल धर्म सभा आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रखर वक्ता साध्वी सरस्वती दीदी का मुख्य संबोधन होगा। वहीं, शाम 7:00 बजे से भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 'राम आएंगे' फेम प्रसिद्ध भजन गायिका स्वाति मिश्रा अपने भजनों की प्रस्तुति देंगी।

### बस्तियों में बांटी गई जिम्मेदारी

कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप देने के लिए विभिन्न बस्तियों के संयोजकों की घोषणा भी की गई है एवं संयोजकों को विशेष दायित्व सौंपे गए हैं। इसके साथ ही विभिन्न कमेटियों का गठन कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी गई हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस उत्सव में शाहपुरा नगर सहित संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र से हजारों की संख्या में श्रद्धालु जुटेंगे और नव वर्ष को उत्सव के रूप में मनाएंगे।

# स्वर्णकार समाज के प्रदेश महामंत्री झींगा 28 को भीलवाड़ा आएंगे

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा



राजस्थान प्रदेश मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज संस्था (रजि.) के प्रदेश महामंत्री बजरंग लाल झींगा के भीलवाड़ा आगमन पर आगामी 28 फरवरी को उनका भव्य अभिनंदन किया जाएगा।

स्वर्णकार समाज प्रदेश शिक्षा प्रकोष्ठ के सदस्य दिलीप सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश महामंत्री झींगा उदयपुर संभाग के सामाजिक दौरे पर जाते समय दोपहर 1 बजे होटल ग्रैंड वसंते के पास स्थित ग्रीनपार्क कॉलोनी प्लॉट न 33 पर पहुंचेंगे। इस अवसर पर भीलवाड़ा जिला स्वर्णकार समाज द्वारा उनका अभिनंदन किया जाएगा।

समारोह में प्रदेश मंत्री अनिल डसाणिया, जिला प्रभारी कृष्णकांत मलेंडिया, जिलाध्यक्ष उच्छब लाल बिछी, महामंत्री सी.पी. सोनी, कोषाध्यक्ष शंभू दयाल कड़ेल, प्रभु लाल सोलीवाल सहित समाज के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहेंगे और प्रदेश महामंत्री का अभिनंदन करेंगे। बाद में शाम को झींगा नाथद्वारा और 1 मार्च को उदयपुर में आयोजित विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

सोनी ने समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# मांडलगढ़ थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत, एक घायल

स्मार्ट हलचल |मांडलगढ़

**लाडपुरा** / मांडलगढ़ थाना क्षेत्र के जोजवा गांव में आज सुबह एक गंभीर सड़क हादसा हुआ, जिसमें बाइक और तेज रफ्तार बजरी भरे ट्रैक्टर की टक्कर में बाइक सवार 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई जबकि एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना से ग्रामीणों में शोक और सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

ग्राम जोजवा निवासी उदय सिंह (25) पुत्र शिव सिंह राजपूत अपनी बाइक पर था, तभी सामने से आ रहे बजरी भरे ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उदय सिंह घटनास्थल पर ही गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई। घटना में उसके एक साथी को गंभीर चोटें आईं, जिन्हें तत्काल इलाज के लिए भीलवाड़ा के महात्मा उपचार केंद्र में रेफर कर दिया गया। वहीं तीसरे साथी को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।



हादसे के बाद मौके पर पुलिस बल पहुंचा और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घायल युवक का भी इलाज जारी है और उसकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने कहा कि ट्रैक्टर बहुत तेज रफ्तार में आ रहा था, जिससे नियंत्रण खो बैठा और हादसा हो गया।

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए ट्रैक्टर को जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इस दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि दुर्घटनाओं को रोकने हेतु तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण और सुरक्षा उपायों को और अधिक प्रभावी बनाया जाए।

# बदमाशों ने मचाया तांडवः मोबाइल रिपेयरिंग दुकानदार पर दुकान में घुस लोहे के सरियों से किया हमला



### सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा (मांडल)।** मांडल थाना क्षेत्र में शुक्रवार को दिनदहाड़े एक मोबाइल रिपेयरिंग दुकानदार पर दुकान में घुसकर सरियों से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है।वही मारपीट की यह घटना दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई ।पीड़ित युवक ने आरोपियों के खिलाफ मांडल थाने में मुकदमा दर्ज करा कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने




पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर उक्त बदमाशों की तलाश शुरू कर दी ।

घायल कैलाश गुर्जर ने बताया कि में रायसिंहपुरा में मेरी दुकान पर बैठा था इसी दौरान बोलेरो गाड़ी ने अचानक चार आदमी मेरी दुकान पर आए और दो गाड़ी में बैठे थे।उन लोगों ने मुझे एक मोबाइल दिखाया कि इस मोबाइल को ठीक करने में कितना खर्चा आएगा।मैने उन्हें कहा कि करीब 1500 रुपए का खर्चा आएगा तो वे लोग वापस अपनी गाड़ी की तरफ चले गए और फिर हाथों में सरिए लेके आए और मेरे ऊपर हमला कर दिया । मैने जैसे तैसे वहां से भाग कर अपनी जान बचाई । में हमला करने वालों को जानता भी नहीं हु नाही मेरी किसी से कोई दुश्मनी है ।

घायल के भाई किशन गुर्जर ने बताया कि मेरी शाहपुरा चौराहे पर देव दरबार नाम से मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान है। शुक्रवार सुबह रतन नाम के एक लड़के ने मुझे कॉल किया और बोला कि में आपकी दुकान पर हु मुझे एक फोन चाहिए,जब में दुकान पर नहीं था इतने में थोड़ी देर बाद मेरे पिताजी का कॉल आया कि बोलेरो गाड़ी में तीन चार लड़के खेत पर तुझे ढूंढ़ने आए थे जब मेरे पिताजी भी खेत पर नहीं थे । इसके बाद वे लोग मेरे भाई कैलाश की रायसिंहपूरा में दुकान पर चले गए और वहां उसके साथ सरियों से हमला कर मारपीट करी। जिससे मेरे भाई के गंभीर चोटें आई।

# बाइक पर बैठे छात्र को टक्कर मारने के बाद कार केबिन में घुसी

### छात्र हुआ गंभीर घायल

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** प्रताप नगर थाना क्षेत्र के पटेल नगर विस्तार में शुक्रवार को तेज रफ्तार कार का कहर देखने को मिला।तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे बाइक पर बैठे एक छात्र को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर पास में स्थित केबिन में घुस गई। हादसे में छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि कार सवार एयरबैग खुलने से सुरक्षित बच गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार की रफ्तार काफी तेज थी। सड़क किनारे खड़ी बाइक पर बैठे छात्र को टक्कर मारने के बाद कार सीधे सड़क किनारे रखी केबिन में जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक पर बैठा छात्र उछलकर दूर जा गिरा।

भिड़ंत के दौरान कार के दोनों एयरबैग खुल गए, जिससे कार चालक को गंभीर चोट नहीं आई।



वहीं बाइक और कार दोनों बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि हादसे के समय केबिन बंद थी और उसके भीतर या बाहर कोई मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

घायल छात्र को मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत निजी अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने पर प्रताप नगर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और दोनों वाहनों को थाने में खड़ा करवाया।

पुलिस के अनुसार, उनके पहुंचने से पहले ही घायल को अस्पताल ले जाया जा चुका था। पुलिस का कहना है कि फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। रिपोर्ट मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# उज्जैन में त्रिमेस का राष्ट्रीय अधिवेशन सम्पन्न

## संस्कार और शिक्षा उन्नति के पाथेय बनें, 20 हजार वर्गफीट में बनेगा एकलिंगनाथ का मंदिर

स्मार्ट हलचल| उज्जैन/उदयपुर

श्री त्रिवेदी मेवाड़ा ब्राह्मण समाज का अखिल भारतीय अधिवेशन महाकाल की नगरी उज्जैन में दिव्य संकल्पों के साथ सम्पन्न हुआ। संगठन के राष्ट्रीय संयोजक भूपेन्द्र पण्डया सागवाड़ा की अध्यक्षता में हुई आमसभा में विभिन्न राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए। मुख्य अतिथि श्री त्रिवेदी मेवाड़ा ब्राह्मण समाज परिषद मध्यप्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष पंडित सुनिल जोशी रहे। कार्यक्रम के आरम्भ में अतिथियों ने इष्टदेव एकलिंगनाथ का पूजन एवं दीप प्रज्वलन किया। नाद और ध्यान के बाद सामूहिक प्रार्थना की गई। मुख्य वक्ता भूपेन्द्र पण्डया ने अखिल भारतीय श्री त्रिवेदी मेवाड़ा ब्राह्मण समाज संस्थान के विधान व कार्यकारिणी गठन पर चर्चा, अलग-अलग प्रदेशों से सदस्यों को जोड़ना, समाज को संगठित व संस्कारवान बनाने पर चर्चा की। कार्यक्रम में पवन अमरावत, लक्ष्मीनारायण पण्डया, प्रियकांत पण्डया, पुरुषोत्तम जोशी, विजेश भाई मालपुर, शैलेश भाई ठाकर, गोमतीशंकर पण्डया व महेश जोशी ने विचार व्यक्त किये।



वक्ताओं ने कहा कि समाज के विकास का आधार शिक्षा एवं संस्कार है। इस अवसर पर सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार, सामूहिक विवाह संस्कार तथा रोटी व्यवहार-बेटी व्यवहार पर विचार विमर्श, समाज के जरूरतमंद सदस्यों को धार्मिक स्थलों की तीर्थयात्रा करवाना, उदयपुर में 18,000 स्क्वायर फूट के भूखंड पर अखिल भारतीय स्तर का विशाल भवन निर्माण के प्लान पर चर्चा, उदयपुर की भूमि पर प्रस्तावित भवन के भूमि पूजन की तारीख एवं विधिवत कार्यक्रम की घोषणा, अन्य विषयों पर खुले मंच के माध्यम से चर्चा की गई। समारोह का संचालन राष्ट्रीय सचिव विनोद पानेरी ने व्यक्त किया। आभार अनिल पण्डया आंजना ने व्यक्त किया। इस मौके पर छप्पन, मेवल व ऊंटी चोखले से लीलाधर त्रिवेदी, विनोद पाण्डे, जगदीश त्रिवेदी, रमाकांत सकरावत, पथोक चोखला से भंवर पण्डया, नवीन त्रिवेदी, हरेन्द्र ठाकुर, मुकेश ठाकुर, शरद ठाकुर, अशोक उपाध्याय, भरत पुरोहित, रमेश जोशी, महेश ठाकुर, विनोद त्रिवेदी ने प्रतिनिधित्व किया। देश के विभिन्न राज्य, संभाग, जिला की कोर कमेटी, समस्त चौखला कार्यकारिणी, इकाई कार्यकारिणी, युवा प्रकोष्ठ कर्मचारी प्रकोष्ठ, राजनीतिक प्रकोष्ठ, खेल प्रकोष्ठ व समस्त प्रकोष्ठ से जुड़े सभी पदाधिकारी एवं इकाई प्रकोष्ठ के प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।

### 20 हजार वर्गफीट में बनेगा एकलिंगनाथ का मंदिरः

उज्जैन के पंचक्रोशी पड़ाव-3 बड़नगर रोड़ स्थित ग्राम नलवा में मेवाड़ के आराध्य भगवान श्री एकलिंगनाथ जी के भव्य मंदिर, गुरूकुल और गोशाला के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर मेवाड़ राजघराने के महाराणा प्रताप के वंशज डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ भी विशेष रूप से मौजूद थे। डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने कहा कि त्रिवेदी मेवाड़ा ब्राह्मण समाज ने यह आयोजन मेवाड़ और मालवा का खूबसूरत संगम है। उन्होंने कहा कि महाकाल की नगरी में त्रिमेस समाज का अपने इष्टदेव एकलिंगनाथजी का मंदिर बनवाना ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने मंदिर निर्माण के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन भी दिया। मंदिर का भूमिपूजन डॉ. लक्ष्यराज सिंह द्वारा गुणा मांगल्या के महेन्द्रानंद गिरि महाराज, भर्तृहरि गुफा के रामनाथ महाराज, जोधपुर शिकारपुरा के दयाराम महाराज सहित अन्य साधु-संतों के सानिध्य में 151 जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमिपूजन अनुष्ठान किया। भूमि पूजन कार्यक्रम में उदयपुर संभाग सहित महाराष्ट्र, गुजरात तथा मध्यप्रदेश के दो हजार से अधिक समाजजन उपस्थित रहे।

### मंदिर की खासियतः

यह मंदिर सफेद संगमरमर के पत्थरों से बनाया जाएगा। शिवलिंग काले पत्थर का स्थापित किया जाएगा। पूरे प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत सात करोड़ रूपए होगी। मंदिर का डिजाईन अहमदाबाद के सोमपुरा परिवार ने तैयार किया है। उल्लेखनीय है कि इसी परिवार ने अयोध्या के राम मंदिर का डिजाईन बनाया था। इस मंदिर का आगामी सिंहस्थ आखातीज 2028 से पहले निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। मंदिर का गर्भगृह 13.7 बाय 13.7 बाय फीट का होगा। 13 बाय 7 फीट का द्वार बनेगा। 29 बाय 29 फीट का सभामण्डप बनेगा जिसमें तीन तरफ से प्रवेश द्वार होंगे। परिसर में गुरूकुल भी बनेगा जिसे आधुनिक शिक्षा के केन्द्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही गोशाला का निर्माण भी किया जाएगा।

# 'एनवायरनमेंट एंड कोर्ट अवेयरनेस कमेटी' में एडवोकेट सदस्य नियुक्त

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

जिला अभिभाषक संस्था द्वारा न्यायालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 'एनवायरनमेंट एंड कोर्ट अवेयरनेस कमेटी' का गठन किया गया है। गठित समिति में अधिवक्ता नरेंद्र सिंह राठौड़ को सदस्य मनोनीत किया गया है।

संस्था अध्यक्ष एडवोकेट उम्मेद सिंह राठौड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति न्यायालय परिसर में नियमित वृक्षारोपण, स्वच्छता निरीक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगी। समिति का उद्देश्य न्यायालय परिसर को हरित, स्वच्छ एवं अनुकरणीय बनाना है। संस्था उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत महासचिव पंकज दाधीच कोषाध्यक्ष रवि गोरानी सह सचिव आदित्य सिंह चौहान द्वारा समिति में अधिवक्ता सुरेश व्यास,



रामेश्वर लाल जाट, विशाल गौतम, महावीर प्रसाद जांगिड़, हसन खान एवं सुश्री बीनू कुमारी टांक को सदस्य बनाया गया है।

एडवोकेट नरेंद्र सिंह राठौड़ ने समिति में मनोनीत किए जाने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे न्यायालय परिसर की स्वच्छता एवं हरित वातावरण बनाए रखने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे तथा अधिवक्ताओं एवं आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे।

# कांग्रेस नेता हंसराज फागना (सरपंच) सहित 14 जनों पर इसरदा डैम डूब क्षेत्र की कस्टोडियन भूमि हड़पने का आरोप

## मुकदमा नम्बर 311/2024 थाना कोतवाली टोंक की जांच में दोषी माने जाने के बावजूद कार्रवाई पर उठे सवाल

स्मार्ट हलचल



**टोंक।** जिले में कस्टोडियन भूमि को लेकर एक बार फिर बड़ा विवाद सामने आया है। कांग्रेस नेता और सरपंच हंसराज फागना सहित कुल 14 जनों पर इसरदा डैम के डूब क्षेत्र में आने वाली कस्टोडियन भूमि पर अवैध कब्जा करने का गंभीर आरोप लगा है। मामले में शिकायतकर्ता रामधन चौधरी का आरोप है कि सितम्बर 2024 में दर्ज मुकदमा संख्या 311 / 2024 थाना कोतवाली टोंक में जांच के दौरान आरोपियों को दोषी माना गया, इसके बावजूद अब तक गिरफ्तारी या कठोर कार्रवाई नहीं की गई है।

### जिला कलेक्टर के निर्देश पर दर्ज हुआ था प्रकरण

शिकायत के अनुसार, जिला कलेक्टर टोंक के निर्देश पर तत्कालीन तहसीलदार (उप पंजीयक) रामधन गुर्जर द्वारा 4 सितम्बर 2024 को मुकदमा दर्ज कराया गया था। आरोप है कि इसरदा डैम के डूब क्षेत्र में स्थित सरकारी/कस्टोडियन भूमि पर सुनियोजित तरीके से कब्जा किया गया। शिकायतकर्ता का कहना है कि जांच में आरोपियों को दोषी करार दिए जाने के बावजूद पुलिस स्तर पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई, जिससे प्रशासनिक निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं।

### कोतवाली पुलिस पर संरक्षण के आरोप

मामले में शिकायतकर्ता रामधन चौधरी ने शहर कोतवाल टोंक भंवर लाल वैष्णव (पुलिस निरीक्षक) पर राजनीतिक दबाव में आरोपियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है और तत्काल निलंबन की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो सरकारी एवं कस्टोडियन भूमि पर अवैध कब्जों को बढ़ावा मिलेगा।

### पुलिस का पक्ष : आंशिक आरोप पत्र दाखिल

वहीं पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि मामले में अदालत में आंशिक आरोप पत्र (फाइनल रिपोर्ट/चार्जशीट) प्रस्तुत किया जा चुका है। आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 173(8) के तहत आगे की जांच जारी है।तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज

कांग्रेस नेता सचिन पायलट के करीबी माने जाने वाले सरपंच हंसराज फागना का नाम सामने आने के बाद राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। हालांकि इस मामले में हंसराज फागना की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

अब बड़ा सवाल यह है कि –क्या कस्टोडियन भूमि हड़पने के आरोपों में दोषी पाए गए लोगों पर शीघ्र कानूनी शिकंजा कसेगा, या मामला जांच और फाइलों तक सीमित रह जाएगा? प्रशासनिक पारदर्शिता और सरकारी भूमि संरक्षण को लेकर यह प्रकरण आने वाले दिनों में बड़ा राजनीतिक और कानूनी मुद्दा बन सकता है।

# होनहार छात्रा के सपनों को मिली उड़ानः श्रीजी विद्या कुंज ने कराई हेलीकॉप्टर की सैर

स्मार्ट हलचल |भीलवाड़ा




करेड़ा कस्बे की श्रीजी विद्या कुंज विद्यालय ने अपनी कक्षा 5 की एक मेधावी छात्रा को उसकी उत्कृष्ट उपलब्धि पर एक अविस्मरणीय उपहार दिया और विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्रा के सम्मान में हेलीकॉप्टर राइड का आयोजन किया गया जो पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है विद्यालय प्रबंधन ने बताया की आमतौर पर मेधावी छात्रों को पदक या प्रमाण पत्र दिए जाते हैं, लेकिन विद्यालय ने छात्रा के आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए उसे आसमान की सैर कराई छात्रों में इस पहल का उद्देश्य अन्य विद्यार्थियों को भी कड़ी मेहनत और अनुशासन के लिए प्रेरित करना है इस अनूठी पहल को लेकर छात्रा के माता-पिता ने स्कूल की इस अनूठी पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह उनके परिवार के लिए गौरव का क्षण है।

हमारा लक्ष्य केवल किताबी शिक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों के सपनों को पंख देना है। इस राइड के जरिए हम यह संदेश देना चाहते हैं कि यदि आप मेहनत करते हैं, तो आसमान की ऊंचाइयां भी आपके कदमों में हो सकती हैं। '

# प्रधानमंत्री मोदी के अजमेर दौरे से पहले प्रशासन सख्त, कांग्रेस जिला अध्यक्ष नजरबंद, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

स्मार्ट हलचल

**अजमेर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित अजमेर दौरे से पहले राजनीतिक माहौल गर्मा गया है। अजमेर युवा कांग्रेस की ओर से केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में प्रदर्शन किया गया। इस दौरान शहर के विभिन्न हिस्सों में 'गो बैक मोदी', 'पीएम इस कॉम्प्रोमाइज्ड' और 'नरेंद्र मोदी सरेंडर' जैसे नारों वाले पोस्टर लगाए गए, जिससे प्रशासन में हड़कंप मच गया।

### कड़ी कर दी गई सुरक्षा व्यवस्था

युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि वे एप्सटीन फाइल, महंगाई, बेरोजगारी और अन्य जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर विरोध दर्ज करा रहे हैं। उनका आरोप है कि केंद्र सरकार आम जनता की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही है, इसलिए वे शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। पोस्टर लगाए जाने की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन सक्रिय हो गया तथा शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई।

### युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष के घर के बाहर पुलिस तैनात

पुलिस ने एहतियातन अजमेर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मोहित मल्होत्रा को नजरबंद कर दिया। उनके घर के बाहर पुलिस का पहरा लगा दिया गया और उन्हें घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी गई। इसके बाद कृष्णगंज थानाधिकारी अरविंद चारण उन्हें हिरासत में लेकर अन्य स्थान पर ले गए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचने के लिए यह कदम उठाया गया है।

### 'विरोध को दबाने की कोशिश कर रही सरकार'


मोहित मल्होत्रा ने नजरबंदी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार विरोध की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। उनका कहना है कि युवा कांग्रेस का विरोध शांतिपूर्ण है और इसमें किसी भी प्रकार की हिंसा या अव्यवस्था की मंशा नहीं है।

### सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर पहले से ही सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# रमज़ानुल मुबारक के दूसरे जुम्मा की नमाज़ अकीदत के साथ अदा

स्मार्ट हलचल



**मेड़ता रोड।** रमज़ानुल मुबारक के दूसरे जुम्मा पर मेड़ता रोड शहर की मस्जिदों में बड़ी तादाद में नमाज़ियों ने हाज़िरी दी और अकीदत व एहतराम के साथ जुमे की नमाज़ अदा की। सुबह से ही मस्जिदों में रौनक देखने को मिली। नमाज़ से पहले उलेमा और इमामों ने रोज़े की फज़ीलत, सब्र, तक़वा और इंसानियत के पैग़ाम पर रोशनी डाली। खुत्बे में इमामों ने कहा कि रमज़ान का मुबारक महीना रहमत, मग़फ़िरत और जहन्नुम से निजात का महीना है। इस पाक महीने में इबादत के साथ-साथ गरीबों और ज़रूरतमंदों की मदद करना भी बेहद अहम है। उन्होंने नमाज़ियों को सदक़ा, खैरात, ज़कात और फितरा अदा करने की ताकीद की और इसके मसाइल (धार्मिक नियम) विस्तार से बताए। इमामों ने समझाया कि ज़कात इस्लाम के अहम अरकान में से एक है और यह माल को पाक करती है। उन्होंने कहा कि अल्लाह तआला ने मालदार लोगों के माल में गरीबों का हक़ रखा है, इसलिए ज़रूरतमंदों तक उनका हक़ पहुंचाना हर साहिब-ए-निसाब मुसलमान पर फ़र्ज़ है। सदक़ा और खैरात देने से न सिर्फ़ समाज में बराबरी और हमदर्दी का जज़्बा पैदा होता है, बल्कि इंसान के माल और दौलत में बरकत भी होती है। फितरे के बारे में इमामों ने बताया कि ईद-उल-फितर से पहले फितरा अदा करना वाजिब है, ताकि गरीब और जरूरतमंद भी ईद की खुशियों में शरीक हो सकें। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे दिखावे से बचें और खालिस नियत के साथ अल्लाह की रज़ा के लिए मदद करें। नमाज़ के बाद खास दुआ का एहतमाम किया गया, जिसमें मुल्क में अमन-चैन, तरक्की, भाईचारे और इंसानी एकता के लिए दुआएं मांगी गईं। साथ ही बीमारों की सेहत, रोज़ी में बरकत और दुनिया भर में इंसानियत की भलाई के लिए भी हाथ उठाए गए। मस्जिदों के बाहर भी आपसी मोहब्बत और भाईचारे का माहौल देखने को मिला। नमाज़ियों ने एक-दूसरे को रमज़ान की मुबारकबाद दी और समाज में एकता और सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया। रमज़ान के दूसरे जुम्मे ने एक बार फिर यह पैग़ाम दिया कि यह महीना सिर्फ़ इबादत का ही नहीं, बल्कि इंसानियत, हमदर्दी और भाईचारे को मज़बूत करने का भी है।

# 'श्रीअन्न मिलेट क्रांति' कार्यक्रम आज

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

शहर में स्वस्थ जीवनशैली और पारंपरिक अन्न के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 28 फरवरी 2026 को 'श्रीअन्न मिलेट क्रांति - उदयपुर मिलेट कार्यक्रम' का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम ग्रीन पीपल सोसायटी, उदयपुर एवं रोटरी क्लब ऑफ उदई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा।

कार्यक्रम में मिलेट सिद्ध आचार्य श्री अशोक शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। वे बीमारियों के अनुरूप आहार प्रोटोकॉल, कंसल्टेंसी एवं काउंसलिंग के माध्यम से मिलेट आधारित संतुलित भोजन के लाभों पर विस्तृत जानकारी देंगे। आयोजन का उद्देश्य आमजन को मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप जैसी जीवनशैली संबंधी बीमारियों में श्रीअन्न (मिलेट्स) की उपयोगिता से अवगत कराना है। कार्यक्रम 28 फरवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक टाउन प्लानर्स इंस्टीट्यूट, सेलिब्रेशन मॉल के पास, उदयपुर में आयोजित होगा। आयोजकों ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्वस्थ जीवन की दिशा में सकारात्मक पहल से जुड़ने का आह्वान किया है। ग्रीन पीपल सोसायटी उदयपुर के अध्यक्ष राहुल भटनागर ने बताया कि मिलेट्स को दैनिक आहार में शामिल कर हम न केवल अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दे सकते हैं। उन्होंने इच्छुक नागरिकों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

# मेडतारोड में 32 लाख की स्मैक जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** मेडतारोड पुलिस थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने लगभग 32 लाख रुपये कीमत की 160 ग्राम स्मैक जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सत्यनारायण चौधरी थानाधिकारी पुलिस थाना मेडतारोड ने मय टीम श्री विजयसिंह नि.पु., प्रभारी जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) नागौर से प्राप्त सूचना पर कस्बा मेडतारोड में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान बबलु मेघवाल पुत्र धन्नालाल, जाति मेघवाल, उम्र 35 वर्ष, निवासी तुरकाडिया, थाना अंकलेरा, जिला झालावाड़ को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद की गई। जब्त की गई स्मैक की अनुमानित बाजार कीमत करीब 32 लाख रुपये आंकी गई है। इस संबंध में पुलिस थाना मेडतारोड में प्रकरण एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

प्रकरण का अनुसंधान श्री मानवेन्द्र सिंह नि.पु., थानाधिकारी पुलिस थाना भांवडा द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मादक पदार्थ की सप्लाई और नेटवर्क के संबंध में गहन जांच कर रही है। पुलिस प्रशासन ने आमजन से मादक पदार्थों के अवैध कारोबार की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की है, ताकि क्षेत्र को नशा मुक्त बनाया जा सके।

# मेड़ता रोड रेलवे स्टेशन पर एफओबी निर्माण में सुस्ती

## प्लेटफार्म 2-3 पर काम ठप — रेल प्रशासन से त्वरित हस्तक्षेप की मांग



स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** मेड़ता रोड रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए प्लेटफार्म नंबर 1 तथा 2-3 को जोड़ने हेतु 12 मीटर चौड़ा फुट ओवरब्रिज (एफओबी) बनाने की योजना पर काम शुरू तो हुआ, लेकिन प्लेटफार्म नंबर 2-3 पर निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है। स्थिति यह है कि 13 फरवरी से खुदाई शुरू होने के बावजूद दस दिनों में एक फीट भी प्रगति नहीं हो सकी है।रेलवे द्वारा दिसंबर 2024 में प्लेटफार्म नंबर 1 पर फुटब्रिज के समीप ओवरब्रिज निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया था। यहां बड़े गड्ढे की खुदाई कर नींव भरी गई और एफओबी के कॉलम भी खड़े कर दिए गए हैं। इसके विपरीत प्लेटफार्म नंबर 2-3 पर जगह की कमी के कारण कार्य अटक गया है।जानकारी के अनुसार, प्लेटफार्म 2-3 पर सीमित स्थान, लगातार ट्रेनों का आवागमन तथा ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइनों के कारण तकनीकी बाधाएं सामने आईं। नींव निर्माण के लिए शीट पाइलिंग (लोहे की चादरें लगाकर आधार मजबूत करने की तकनीक) की आवश्यकता बताई गई। इसके लिए अलग से दो ड्रॉइंग तैयार कर नवंबर 2025 में जोन स्तर पर स्वीकृति हेतु भेजी गई थीं। स्वीकृति मिलने के बाद 13 फरवरी से खुदाई कार्य शुरू किया गया, लेकिन अब तक संतोषजनक प्रगति नहीं हुई है। गौरतलब है कि प्लेटफार्म नंबर 2-3 पर ही अधिकांश ट्रेनों का आवागमन होता है, जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण कार्य में हो रही देरी से स्टेशन पर भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था पर भी प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं।स्थानीय नागरिकों और यात्रियों ने रेल प्रशासन से मांग की है कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कर संबंधित ठेकेदार और अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। साथ ही निर्माण कार्य की स्पष्ट समयसीमा घोषित कर नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि यात्रियों को शीघ्र राहत मिल सके।अब देखना यह है कि रेल प्रशासन इस धीमी प्रगति पर क्या ठोस कदम उठाता है और लंबित कार्य को कब तक गति प्रदान की जाती है।

# उत्तर मैट्रिक छात्रवृति तिथि 31 तक बढ़ाई

स्मार्ट हलचल|उदयपुर

शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिये उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजनान्तर्गत शिक्षण संस्थाओं के लिये पोर्टल पुनः शुरू कर दिया गया है। इससे पूर्व उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना से संबंधित शिक्षण संस्थाओं के लिये छात्रवृत्ति पोर्टल पर पंजीयन/नवीनीकरण, कोर्स मैपिंग, मान्यता पाठ्यक्रमवार फीस स्ट्रक्चर आदि सूचनाएं अपडेट करने के लिये पोर्टल पर व्यवस्था शुरू कर दी गई थी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक ने बताया कि शिक्षण संस्था से संबंधित सूचनाएं एवं दस्तावेजों की निर्धारित स्थान एवं निर्देशानुसार पूर्ति करना सुनिश्चित करें। सूचना सबमिट करने से पूर्व विशेष रूप से जाँच लें कि सभी सूचना पूर्ण एवं सही भरी जायें। आवश्यक दस्तावेज एवं फीस की सूचना भी सही रूप में दर्ज करें ताकि बाद में कठिनाई नहीं आयें। उक्त सूचना अद्यत्तन का कार्य 31 मार्च 2026 तक किया जा सकेगा।

# अल्पसंख्यक बालिका आवासीय विद्यालय में गेस्ट फैकल्टी के लिए आवेदन आमंत्रित

स्मार्ट हलचल|उदयपुर

अल्पसंख्यक मामलात विभाग के अधीन संचालित राजकीय अल्पसंख्यक बालिका आवासीय विद्यालयों में गेस्ट फैकल्टी के पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उदयपुर जिला मुख्यालय स्थित आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 से 10 तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए शिक्षकों की आवश्यकता को देखते हुए विद्या संबल योजना के तहत निजी अभ्यर्थियों और सेवानिवृत शिक्षकों से आवेदन मांगे गए हैं।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी खुशबू शर्मा ने बताया कि उदयपुर में स्थित आवासीय विद्यालय में नियमानुसार गेस्ट फैकल्टी नियुक्त की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी 13 मार्च को शाम 3 बजे तक संबंधित कार्यालय में आवेदन जमा करा सकते है। प्रत्येक रिक्त पद के लिए अभ्यर्थियों के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार कि जाएगी।

# अजमेर दरगाह केस में सुनवाई पर कानूनी रोक नहीं, 18 अप्रैल को कोर्ट के सामने पेश होंगे पक्षकार


### नए पक्षकारों के आवेदन स्वीकार

स्मार्ट हलचल

**अजमेर।** अजमेर शरीफ दरगाह में शिव मंदिर होने के दावे को लेकर हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता और महाराणा प्रताप सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवर्धन सिंह परमार द्वारा दायर याचिका पर आज अदालत में सुनवाई हुई। विष्णु गुप्ता की ओर से अधिवक्ता संदीप कुमार ने अदालत के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करते हुए स्पष्ट किया कि इस प्रकरण पर माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा कोई स्थगन आदेश (स्टे) जारी नहीं किया गया है, जिससे सुनवाई पर कोई कानूनी रोक नहीं है।

### पक्षकार बनाए जाने की सुनवाई में हुई देरी

अधिवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि मूल रूप से सुनवाई इस बिंदु पर होनी थी कि क्या सुप्रीम कोर्ट का कोई ऐसा आदेश



है, जिसके कारण इस मामले की कार्यवाही रोकी जाए। उन्होंने कहा कि अब तक सुप्रीम कोर्ट से ऐसा कोई निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है, जो इस प्रकरण को प्रभावित करता हो। हालांकि, अन्य पक्षकारों तथा कुछ नए व्यक्तियों द्वारा स्वयं को पक्षकार बनाए जाने हेतु प्रार्थना पत्र दाखिल किए जाने के कारण सुनवाई में विलंब हुआ।

### कोर्ट ने सुनवाई के लिए तय की तारीख

न्यायालय ने सभी नए प्रार्थना पत्र स्वीकार करते हुए उनकी प्रतियां संबंधित पक्षों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। अब इस पर आपत्तियां दर्ज की जाएंगी कि संबंधित आवेदक पक्षकार बनाए जाने योग्य हैं या नहीं। इसके साथ ही अदालत ने अगली सुनवाई की तिथि 18 अप्रैल 2026 निर्धारित की है।

### अजमेर शरीफ दरगाह में त्रिशूल जैसे चिन्ह

अधिवक्ता संदीप कुमार ने अदालत में यह भी बताया कि दरगाह परिसर से संबंधित कुछ फोटो और वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे यूट्यूब, इंस्टाग्राम और फेसबुक पर चिश्ती समुदाय के लोगों द्वारा साझा किए गए हैं। इनका अवलोकन करने पर लगभग 25 से 26 स्थानों पर त्रिशूल जैसे चिन्ह दिखाई देने का दावा किया गया है। उन्होंने कहा कि इन वीडियो और फोटो की सत्यता का निर्धारण माननीय न्यायालय करेगा तथा दरगाह कमेटी को इस पर अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया है।

### स्मारक किसका यह कोर्ट तय करेगा'

उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि यदि ये चिन्ह वास्तव में प्राचीन हैं और किसी धातु की शीट पर बनाए गए हैं, तो उन्हें काटने या हटाने का उद्देश्य क्या है। उन्होंने कहा कि यह स्मारक हिंदू है या मुस्लिम, इसका निर्णय न्यायालय करेगा। किंतु किसी भी स्थिति में साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ करना न्यायालय की गरिमा और न्याय प्रक्रिया में हस्तक्षेप के समान है। अधिवक्ता ने आगे कहा कि सौ वर्ष से अधिक पुराने किसी भी स्मारक को प्राचीन स्मारक की श्रेणी में रखा जाता है और यदि उसके साथ किसी प्रकार की तोड़फोड़ या हेरफेर की जाती है, तो यह कानूनन अपराध है। आवश्यकता पड़ने पर इस विषय में संबंधित मंत्रालय को भी पत्र लिखा जाएगा। फिलहाल, पूरे मामले की अगली सुनवाई 18 अप्रैल 2026 को होगी, जिसमें सभी पक्ष अपने-अपने तर्क और साक्ष्य प्रस्तुत करेंगे।

# जोधपुर मंडल के चौदह रेलवे स्टेशनों पर लगेंगी पंद्रह पार्सल स्कैनर मशीनें

### जोधपुर रेलवे स्टेशन पर पार्सल तंत्र होगा अब और सुरक्षित

स्मार्ट हलचल

**मेडता रोड।** ट्रेन से भेजे जाने वाले पार्सलों की सुरक्षा जांच को और अधिक मजबूत बनाने के लिए रेलवे द्वारा जोधपुर रेलवे स्टेशन सहित मंडल के 14 रेलवे स्टेशनों के पार्सल कार्यालयों में जल्द ही 15 पार्सल स्कैनर मशीनें स्थापित की जाएंगी। इसके लिए जरूरी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि जहां स्टेशन स्थित पार्सल बुकिंग कार्यालय में दो आधुनिक पार्सल स्कैनर मशीनें स्थापित की जाएंगी वहीं अन्य 13 स्टेशनों पर एक-एक मशीन लगाई जाएंगी। जोधपुर रेलवे स्टेशन पर ये मशीनें पार्सलघर के गेट नंबर 1 और गेट नंबर 2 पर लगाई जाएंगी, जिससे पार्सलों की आवाजाही के दौरान उनकी नियमित और प्रभावी जांच सुनिश्चित हो सकेगी।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में



जोधपुर से देश के विभिन्न हिस्सों के लिए बड़ी संख्या में पार्सल भेजे जाते हैं और अन्य स्थानों से भी पार्सल यहां पहुंचते हैं। औसतन प्रतिदिन लगभग एक हजार पार्सल नगों की आवक-जावक होती है। ऐसे में स्कैनर मशीनों की स्थापना से पार्सल जांच प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित और सुरक्षित हो जाएगी। डीआरएम के अनुसार पार्सल स्कैनर मशीनों के माध्यम से पार्सलों के भीतर रखी सामग्री की एक्स-रे तकनीक से जांच की जा सकेगी। इससे ज्वलनशील पदार्थ, विस्फोटक सामग्री या अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की पहचान आसानी से हो सकेगी और ऐसी वस्तुओं को ट्रेन में लदान से पहले ही रोका जा सकेगा।

### बिना खोले होगी पार्सल की जांच

मंडल के सीनियर डीसीएम हितेश यादव के अनुसार पार्सल स्कैनर मशीन एक आधुनिक सुरक्षा उपकरण है,जिसका उपयोग पार्सल, बैग या अन्य सामान के अंदर मौजूद सामग्री की जांच बिना खोले ही करने के लिए किया जाता है। एक्स-रे तकनीक के माध्यम से मशीन पार्सल के अंदर की वस्तुओं की छवि स्क्रीन पर प्रदर्शित करती है,जिससे सुरक्षा कर्मियों को सामग्री का तुरंत पता चल जाता है। माना जा रहा है कि इस सुविधा के शुरू होने से पार्सल सेवा में पारदर्शिता बढ़ेगी,सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और ग्राहकों को अधिक भरोसेमंद पार्सल सेवा उपलब्ध हो सकेगी।

# चारपहिया वाहनों के लिए नई नम्बर सीरीज प्रारम्भ

### ई- आक्शन से मिलेगा इच्छित नम्बर

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

गैर-परिवहन चारपहिया वाहनों के लिए इच्छित पंजीयन क्रमांक/अग्रिम नम्बर हेतु नवीन सीरीज आरजे 27 युजे 0001 से 9999 प्रारम्भ की जा रही है। अग्रिम पंजीयन हेतु इच्छुक आवेदनकर्ता ई-ऑक्शन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला परिवहन अधिकारी मुकेश कुमार डाड ने बताया कि आवेदन ई-ऑक्शन पोर्टल के माध्यम से ही स्वीकार किये जायेंगे। नीलामी में भाग लेने हेतु आवेदक को विभागीय वेबसाइट पर जाकर ई-आक्शन पोर्टल पर स्वयं के स्तर से लॉगिन कर आईडी बनाया जाना आवश्यक होगा, जिसकी प्रक्रिया पोर्टल पर उपलब्ध है।

### आस्था की आवाज़ या एक समाज की पहल?

# पुष्कर में पार्टी अनुमति के विरोध ने खड़ा किया बड़ा सामाजिक प्रश्न

स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/ अजमेर।** धार्मिक नगरी पुष्कर में होली के नाम पर प्रस्तावित पार्टियों को लेकर एक बार फिर माहौल गरमा गया है। तीर्थ पुरोहित संघ, पुष्कर ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर स्पष्ट मांग रखी है कि शहर और आसपास के क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की पार्टी को अनुमति न दी जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि यदि प्रशासन अनुमति देता है तो आंदोलन किया जाएगा।

यह कदम निश्चित रूप से धार्मिक भावनाओं से जुड़ा है। पुष्कर की पहचान सदियों से तीर्थराज के रूप में रही है। विश्वविख्यात ब्रह्मा मंदिर और सरोवर ने इस नगर को केवल भौगोलिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक मानचित्र पर स्थापित किया है। ऐसे में 'पुष्कर होली' के नाम से प्रचारित है। जबकि पुष्कर की पौराणिक तीर्थ है, जिसके कारण पार्टियों को लेकर चिंता स्वाभाविक है। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम में एक प्रश्न बार-बार उभरता है—क्या आस्था की रक्षा का दायित्व केवल पुरोहित समाज का है?

पुष्कर में अनेक समाज निवास करते हैं। व्यापार, होटल उद्योग, पर्यटन, संपत्ति और स्थानीय राजनीति—हर क्षेत्र में विभिन्न समुदायों की मजबूत भागीदारी है। आर्थिक और सामाजिक प्रभाव भी व्यापक है। फिर जब बात धार्मिक पहचान और सांस्कृतिक छवि



की आती है, तो आवाज़ मुख्यतः पाराशर और ब्राह्मण समाज की ओर से ही क्यों उठती दिखाई देती है? यह प्रश्न किसी एक समाज पर उंगली उठाने का नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी का है। यदि पुष्कर की छवि पूरे देश में बदल रही है, यदि 'तीर्थ' की जगह 'पार्टी डेस्टिनेशन' की छवि उभर रही है, तो उसका असर भी पूरे शहर पर पड़ेगा—चाहे वह पुरोहित हो, व्यापारी हो, होटल व्यवसायी हो या आम नागरिक।

संभव है कुछ वर्ग आर्थिक दृष्टि से इसे अवसर के रूप में देखते हों। संभव है कुछ लोग इसे आधुनिक पर्यटन की अनिवार्यता मानते हों। लेकिन क्या इन सबके बीच संतुलन पर खुली चर्चा नहीं होनी चाहिए? आस्था और अर्थव्यवस्था—दोनों ही समाज के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। प्रश्न यह है कि क्या इन दोनों के बीच संतुलन स्थापित करने की सामूहिक इच्छा मौजूद है?

यदि विरोध केवल एक समाज तक सीमित रहेगा तो यह सामाजिक मुद्दा नहीं, वर्गीय मुद्दा बनकर रह जाएगा। पर यदि सभी समाज आगे आकर अपनी स्पष्ट राय रखें—चाहे समर्थन में या विरोध में—तो समाधान भी सामूहिक रूप से निकल सकता है।

अंततः यह केवल पार्टी की अनुमति का मामला नहीं है। यह पुष्कर की दीर्घकालिक पहचान, उसकी सांस्कृतिक दिशा और सामाजिक एकता का प्रश्न है। अब देखना यह है कि यह आवाज़ एक ज्ञापन तक सीमित रहती है या व्यापक सामाजिक संवाद का रूप लेती है। ज्ञातव्य हो कि पुष्कर मे बाघेश्वर धाम सरकार धीरेंद्र शास्त्री ने अपनी कथा के दौरान बार बार कहा की पुष्कर में , होटलों, रिसोर्ट में पार्टियॉ नहीं होनी चाहिए।

## पुष्कर में संगठन शक्ति का प्रदर्शन

### कमल पाठक के नेतृत्व में प्रदेशाध्यक्ष शंकर गोरा की मौजूदगी में पीले चावल वितरित



### ब्रह्मा मंदिर में दर्शन के साथ शुरू

स्मार्ट हलचल

**पुष्कर/अजमेर।** धार्मिक नगरी पुष्कर में भाजपा संगठन की सक्रियता और एकजुटता का प्रभावी प्रदर्शन उस समय देखने को मिला जब भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष शंकर गोरा का आगमन हुआ। धार्मिक आस्था और संगठनात्मक ऊर्जा का संगम पूरे कार्यक्रम में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। प्रदेशाध्यक्ष शंकर गोरा ने विश्व प्रसिद्ध ब्रह्मा मंदिर में विधिवत दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक संवाद में बूथ स्तर तक मजबूती पर जोर दिया गया।

नगर परिषद के निवर्तमान सभापति कमल पाठक के नेतृत्व में भाजपा एवं युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने रविवार को अजमेर में होने वाले नरेंद्र मोदी के आगमन के उपलक्ष्य में बाजार क्षेत्र में पुष्कर की जनता को पारंपरिक रूप से पीले चावल वितरित कर स्नेहपूर्वक आमंत्रित किया। जनसंपर्क अभियान को व्यवस्थित और प्रभावी बनाने में लाभांशु वैष्णव एवं दामू पाराशर की सक्रिय भूमिका रही। दोनों कार्यकर्ताओं ने टोली बनाकर बाजार क्षेत्र में समन्वय स्थापित किया और अधिकाधिक नागरिकों तक आमंत्रण पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

पुष्कर में भाजपा संगठन की मजबूत कड़ी माने जाने वाले कमल पाठक की अगुवाई में कार्यकर्ताओं का उत्साह और अनुशासन स्पष्ट दिखाई दिया।

इस अवसर पर यशराज पाराशर, जयेश पाराशर, राघवेन्द्र गौतम पाराशर, रितेश पाराशर, भूपेंद्र रावत, विनायक रावत, हर्ष गौड़, रागव पाराशर, विजय बन्ना, राका कृष्ण पाराशर, भवानी पाराशर, हर्ष पाराशर, जॉय पाराशर, सुधांशु पाराशर, रॉकी सैनी, अनमोल पाराशर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मंडावर क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहे हैं अवैध खनन और भू माफिया का कारोबार



स्मार्ट हलचल

**मंडावर।** मंडावर क्षेत्र में अवैध खनन और भू-माफिया का कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है। हालात यह हैं कि पुलिस और संबंधित विभागों की मौजूदगी के बावजूद बजरी, पत्थर, मोरम और रोड़िया से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉलियां दिन-रात बेखौफ सड़कों पर दौड़ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि यह पूरा अवैध कारोबार पुलिस की नाक के नीचे संचालित हो रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों से होकर गुजरने वाले मार्गों पर भारी मात्रा में खनन सामग्री से लदे वाहन तेज रफ्तार में निकलते हैं। इससे न केवल धूल-मिट्टी का गुबार फैलता है, बल्कि आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। कई बार अवैध खनन में लगे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से हादसे हो चुके हैं, जिनमें राहगीरों को जान तक गंवानी पड़ी है।ग्रामीणों का कहना है कि लगातार शिकायतों के बावजूद संबंधित विभाग और पुलिस प्रशासन गंभीर नहीं दिख रहा। आरोप है कि पुलिस की मिलीभगत के चलते यह अवैध व्यापार निर्बाध रूप से जारी है। गांवों की संकरी सड़कों पर तेज रफ्तार से गुजरते ओवरलोड वाहन बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए खतरा बने हुए हैं।धूल और शोर-शराबे से आमजन का जीना दूभर हो गया है। किसानों की फसलें भी प्रभावित हो रही हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तत्काल प्रभाव से अवैध खनन पर रोक लगाने, जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने और क्षेत्र में सख्त निगरानी बढ़ाने की मांग की है।

## 3000 करोड़ की सहायता राशि अटकने, समय पर चुनाव नहीं कराने और मनरेगा में रोजगार घटाने का आरोप-विधायक मनीष यादव

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** विधानसभा क्षेत्र में पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान शाहपुरा विधायक मनीष यादव ने सरकार पर ग्राम विकास की मूल भावना को कमजोर करने का आरोप लगाया।विधायक ने कहा कि यह देश राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों का देश है, जिन्होंने ग्राम स्वराज की परिकल्पना करते हुए गांवों को आत्मनिर्भर और लोकतंत्र की मजबूत नींव बताया।वहीं प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने पंचायती राज संस्थाओं को लोकतंत्र की जड़ों को सशक्त करने का माध्यम माना और योजनाबद्ध ग्रामीण विकास को राष्ट्र निर्माण की धुरी बनाकर राजस्थान से इसकी ठोस शुरुआत की।विधायक यादव ने आरोप लगाया कि समय पर पंचायत चुनाव नहीं करवाकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर किया जा रहा है, जिसके कारण केंद्र



से मिलने वाली लगभग 3,000 करोड़ रुपये की सहायता राशि अटक गई है और ग्रामीण विकास प्रभावित हुआ है।

गांव के गरीब, मजदूर और किसान परिवारों के लिए यदि कोई स्थायी सहारा रहा है तो वह है महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) है जो केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत की जीवनरेखा है। कोविड महामारी के दौरान यह योजना लाखों परिवारों के लिए संजीवनी साबित हुई और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनी।

विधायक ने आरोप लगाया कि सरकार VBGRAMG में 125 दिन रोजगार देने का दावा करती है, लेकिन वास्तविकता में 50 दिन का भी नहीं दे पाये।

प्रदेश में आपकी डबल इंजन सरकार द्वारा अपने कार्यकाल के पिछले दो वर्षों में औसतन लगभग 50 दिन का ही रोजगार उपलब्ध कराया गया। शाहपुरा क्षेत्र की बात करे तो वर्ष 2024-25 में लगभग 45 दिन तथा 2025-26 में लगभग 42 दिन का रोजगार दिया गया।

मनरेगा में पहले श्रम का 100% भुगतान केंद्र की जिम्मेदारी थी और 100 दिन तक रोजगार श्रमिक का सार्वभौमिक अधिकार था।

लेकिन VBGRAMG के तहत केंद्र और राज्य के बीच 60:40 के अनुपात में राशि देने की व्यव-स्था की गई है। राज्यों की आर्थिक स्थिति पहले से ही चुनौतीपूर्ण है, ऐसे में अंशदान 10% से बढ़ाकर 40% करना अन्यायपूर्ण है, जिससे योजना वित्तीय उलझनों में फँस कर रह जाएगी। विधायक ने कहा कि मनरेगा को कमजोर करना गांव की अर्थव्यवस्था को कमजोर करना है और इसे धीमा करना पलायन को बढ़ावा देना है।

विधायक ने कहा कि जब कोई केंद्रीय कानून राज्यों पर खर्च का दायित्व डालता है तो राज्यों की सहमति आवश्यक होती है। इस विषय में पर्याप्त स्पष्टता और परामर्श नहीं किया गया, जो संघीय ढांचे की भावना के विपरीत है।

## बड़गांव में सामूहिक ढूंढोत्सव 4 को



स्मार्ट हलचल | उदयपुर

औदिच्य समाज बड़गांव की ओर से 14वां सामूहिक ढूंढोत्सव बुधवार 4 मार्च को समाज के नोहरे में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। समाज अध्यक्ष नारायण लाल व्यास ने बताया कि इस कार्यक्रम में समाज के 9 नौनिहाल तथ्या, मिशिका, मान्या, जैनिशा, नवश्री, विधिरा, त्रिशिव, विवान व तनिष्क का ढूंढोत्सव होगा। इससे पूर्व सुबह के समय होली मिलन कार्यक्रम व शाम को गांव के प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में प्राचीन परंपरा के अनुसार ढूंढ कार्यक्रम तत्पश्चात गैर नृत्य का आयोजन होगा।

## भारतीय पत्रकार संघ (एआईजे) का प्रदेशस्तरीय होली मिलन समारोह संपन्न



स्मार्ट हलचल | ओम जैन

**शंभूपुरा।** भारतीय पत्रकार संघ (एआईजे) का प्रदेशस्तरीय पत्रकार होली मिलन स्नेह समारोह राजसमंद शहर के विनायक रेस्टोरेंट में मनाया गया। आयोजित होली मिलन स्नेह समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष कमल कुमार झोटा ने की और विशिष्ट अतिथि नारायण लाल सेन थे।

होली मिलन समारोह में प्रदेशाध्यक्ष कमल कुमार झोटा ने कहा कि प्रदेश के सभी 41 जिलों की कार्यकारिणी का अतिशीघ्र गठन किया जा रहा है, दो जिलों में जिला अध्यक्ष की नियुक्ति की गई है। झोटा ने भारतीय पत्रकार संघ के उद्देश्यों की जानकारी दी।

राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन ने इस समारोह के लिए संदेश भेजा जिसे प्रदेश महासचिव नारायण लाल सेन ने पढ़ा। राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन ने अपने संदे में सभी को होली मिलन की स्नेहपूर्ण बधाई दी और राजस्थान प्रदेश के नवमनोनीत ऊर्जावान एवं वरिष्ठ पत्रकार कमल कुमार झोटा प्रदेश अध्यक्ष और साथियों को इस सुंदर, प्रेरणादायक और संगठनात्मक आयोजन के लिए हार्दिक अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में राजसमंद जिला अध्यक्ष विनोद पालीवाल, महामंत्री गणेश कुमावत, सलूंबर जिलाध्यक्ष कमलेश जैन, उपखंड आमेट ब्लॉक अध्यक्ष मुबारिक अजनबी, कपासन अध्यक्ष कालू राम कुमावत, भोपाल सागर अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा, दिनेश सनाढ्य सलाहकार विधि वकील सलाहकार पंकज जैन निरंजन पगारिया निरंजन पगारिया की नियुक्ति की आयोजित कार्यक्रम में राजसमंद भाजपा मीडिया प्रभारी नर्मदा शंकर पालीवाल ओम राजसमंद पूर्व अध्यक्ष दिनेश पालीवाल सुरेश जावा सहित उपस्थित थे।

### डेगाना में गंगा-जमुनी तहज़ीब की मिसाल

# श्री श्याम निशान यात्रा पर मुस्लिम समाज ने की पुष्प वर्षा





स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** डेगाना में श्री श्याम बाबा की छठी विशाल निशान पदयात्रा श्रद्धा, उल्लास और साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ निकाली गई। इस भव्य यात्रा में 5 हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए। खास बात यह रही कि कायमखानी नगर क्षेत्र में मुस्लिम समाज के लोगों ने जेसीबी के माध्यम से पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया, जो आपसी भाईचारे और गंगा-जमुनी तहज़ीब की सुंदर मिसाल बन गया। यह पदयात्रा वेंकटेश्वर सत्यनारायण मंदिर से प्रारंभ होकर श्री श्याम मंदिर चांदारूण तक निकाली गई। पूरे मार्ग में 'श्याम बाबा की जय' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। डीजे पर बजते भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूमते हुए आगे बढ़ रहे थे।

हाथों में केसरिया निशान और माथे पर श्याम नाम की पट्टियां लगाए श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। युवाओं के साथ महिलाओं और बुजुर्गों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। कई श्रद्धालु नंगे पांव चलकर बाबा के दरबार पहुंचे।भामाशाह द्वारका प्रसाद हेड़ा एवं श्याम परिवार संघ के सानिध्य में आयोजित इस पदयात्रा में डेगाना सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा के दौरान सजी श्री श्याम बाबा की अलौकिक झांकी आकर्षण का केंद्र रही। भक्त झांकी के साथ सेल्फी लेते और भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए।जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। यह आयोजन न केवल आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे का प्रेरक संदेश भी दे गया।

## अरविन्द केजरीवाल के कोर्ट से बरी होने पर उत्साह



स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को कथित शराब नीति प्रकरण में माननीय न्यायालय से राहत एवं सभी 23 आरोपियो को बरी किए जाने के बाद देशभर में आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है।पार्टी कार्यकर्ताओं ने इसे सत्य की जीत एवं राजनीतिक षड्यंत्र पर न्यायपालिका की मुहर बताया है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि लंबे समय से विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे निराधार आरोप व आज न्यायालय के निर्णय से पूरी तरह निरस्त हो गए हैं, जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि आम आदमी पार्टी की राजनीति ईमानदारी एवं जनसेवा पर आधारित है। सत्ता पक्ष ने किस तरह से झूंठे केस में सभी टॉप लीडरशीप को जेल में डाल दिया, कोर्ट ने आज उसे बेनकाब कर सभी 23 आरोपियों को बाइज्जत आजाद किया है।

इसी क्रम में आम आदमी पार्टी ब्यावर टीम द्वारा चांग गेट, ब्यावर पर आतिशबाजी कर व एक दुसरे का मुंह मिठा कर खुशी का इजहार किया गया।

जिलाध्यक्ष शौकीन काठात ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस अवसर को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया गया है।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष शौकीन काठात, लीलाधर दाधीच, मुंशी धीरज जैन, अभिमन्युसिंह, एडवोकेट महेश बारूपाल, एडवोकेट नीलेश बुरड़, विनोद गर्ग, नारायण अठवाल, राधावल्लभ माहेश्वरी, राजूसिंह, बाबूलाल सेन, कन्हैयालाल खत्री, खीमाराम सिंगारिया, डॉ. कमल पुरोहित, शंकरलाल प्रजापत, धमेन्द्र कुमावत, मुराद काठात, पारसमल श्रीश्रीमाल, सूरजमल मोयल, हैदर अली आदि उपस्थित रहे।

## आधारभूत सुविधाओं व पशु स्वास्थ्य सेवाओं को मिला संबल

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

राजस्थान विधानसभा में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को विनियोग विधेयक पर चर्चा के जवाब में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। इन घोषणाओं में उदयपुर जिले और मेवाड़ अंचल से जुड़े कई विकास कार्यों, रोजगार और जनकल्याण योजनाओं को प्राथमिकता दी गई।

मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने उदयपुर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 162ए से धारता वाया लदाना खेमपुरा तक सड़क चौड़ाईकरण एवं सुदृढीकरण के लिए 12 करोड़ रूपए की घोषणा की। साथ ही बछार में 33 केवी जीएसएस निर्माण कार्य, जनजाति आस्था के केंद्र पिलक-झाड़ोल में विकास एवं सार्वजनिक सुविधाओं के निर्माण कार्य, थूर बड़गांव में 1.27 करोड़ की लागत से एनिकट निर्माण कार्य, लदानी मावली में पशु चिकित्सा उप केंद्र को पशु चिकित्सालय में क्रमोन्नत करने, भुवाणा में सहायक अभियंता विद्युत कार्यालय की स्थापना जैसी महत्वपूर्ण सौगातें दी।

# होली, धुलंडी व ईदुलफितर को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

### त्योहार आपसी सद्भाव और खुशी से मनाएं : एडीएम

स्मार्ट हलचल

**टोंक।** आगामी होली, धुलंडी, चेटीचंड, ईदुलफितर, रामनवमी और महावीर जयंती जैसे प्रमुख त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में शांति एवं सद्भावना समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरियां ने की।

एडीएम रामरतन सौकरियां ने कहा कि टोंक जिला गंगा-जमुना तहजीब के लिए प्रदेशभर में पहचान रखता है। सभी नागरिकों का दायित्व है कि वे त्योहारों को आपसी भाईचारे, प्रेम और उत्साह के साथ मनाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऐसा कोई कार्य न करें जिससे किसी भी समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचे। त्योहार मेल-मिलाप और सामाजिक एकता का संदेश देते हैं, इन्हें शांति और अनुशासन के साथ मनाया जाना चाहिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल प्रसाद ने कहा कि त्योहारों के दौरान पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहेगा। उन्होंने सोशल मीडिया पर विशेष सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा कि धार्मिक, जातीय या वैमनस्य फैलाने वाली पोस्ट शेयर करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में कानून अपने हाथ में न लें और तुरंत पुलिस को सूचित करें। असामाजिक तत्वों



के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### समिति सदस्यों ने रखे सुझाव

बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से आए सदस्यों ने व्यवस्थाओं को लेकर सुझाव दिए –

मालपुरा से आए रमाकांत पाठक ने सम्राट की सवारी के रूट चार्ट पर झूलते विद्युत तारों एवं सड़कों के गड्ढों को दुरुस्त कराने की मांग की।

सुभाष मिश्रा ने नगर परिषद क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा होलिका दहन के बाद राख की समय पर सफाई कराने की बात कही। साथ ही मोटरसाइकिलों में तेज आवाज वाले साइलेंसर पर प्रतिबंध लगाने की मांग उठाई।

झिराना के मोहम्मद शकील ने मेडिकल एम्बुलेंस की त्वरित उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

खलीलाबाद के रामकल्याण जाट ने धुलंडी के दिन पेयजल आपूर्ति बढ़ाने का सुझाव दिया।

पूर्व पार्षद महबूब अहमद ने त्योहारों के दौरान आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

एडीएम सौकरियां ने सभी सुझावों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए और कहा कि त्योहारों के दौरान शालीनता एवं संयम बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। इस मौके पर बैठक में एसडीओ टोंक हुक्मीचंद रोहलानिया, विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता प्रहलाद करनाल, आरसीएचओ डॉ. गोपाल जांगिड, जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियंता कालूराम मीना, नगर परिषद सचिव अमरचंद गुर्जर, आबकारी अधिकारी बाबूलाल जाट सहित समिति के सदस्य अब्दुल गफ्फार, गौपाल बैरवा, शंकर गुर्जर, तेजमल कुमावत, अब्दुल हमीद, राजेश बैरवा, सत्यनारायण विजय, पुरुषोत्तम सैनी, मोहम्मद उमर खान, आरजे खींची, आरएल दीपक, रामवतार शर्मा एवं हंसराज बैरवा उपस्थित रहे। वहीं प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किए जाएंगे, ताकि सभी त्योहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सकें।

## पंचायती राज चुनाव के लिए भवन अधिग्रहित

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

पंचायती राज संस्थाओं एवं नगर निकायों के आम चुनाव-2026 के स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण सम्पादन के लिए गठित विभिन्न प्रकोष्ठों के संचालन के लिए भवनों को अधिग्रहित किया गया है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि जिले में भुगतान प्रकोष्ठ के लिए मत्स्य विभाग सभागार, निर्वाचन व्यय मॉनिटरिंग के लिए मीटिंग हॉल माणिक्य लाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (उदयपुर टीआरआई सभागार), प्रशिक्षण के लिए जिला परिषद कार्यालय में संस्थापन शाखा के पास स्थित कक्ष, चुनाव सामग्री के लिए महाराणा भूपाल स्टेडियम गांधी ग्राउंड हॉल व परिसर, मतपत्र प्रकोष्ठ के लिए राजकीय रेजीडेन्सी उच्च माध्यमिक विद्यालय स्थित हॉल (सभागार) को अधिग्रहित किया गया है।



# हाथ, कंधे और कोर मसल्स को मजबूत बनाने के लिए करें ये पावरफुल योगासन

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में स्वस्थ रहने का आसान उपाय योगासन में छुपा है. योग न केवल शरीर बल्कि मन को भी संतुलित और स्वस्थ रखता है. इन्हीं में से एक है उत्थित पद्मासन, जिसका रोजाना थोड़ा अभ्यास भी कई स्वास्थ्य लाभ दे सकता है. भारत सरकार के आयुष मंत्रालय ने उत्थित पद्मासन के बारे में विस्तार से जानकारी दी है. मंत्रालय के अनुसार, योग अनुशासन और शारीरिक-मानसिक सामर्थ्य का श्रेष्ठ मार्ग है. उत्थित पद्मासन का नियमित अभ्यास शरीर का संतुलन बेहतर करता है, एकाग्रता बढ़ाता है और आंतरिक ऊर्जा को जागृत करता है.

### क्या है उत्थित पद्मासन?

यह आसन पद्मासन की स्थिति में हाथों के बल पूरे शरीर को जमीन से ऊपर उठाने वाली एक शक्तिशाली योग मुद्रा है. यह हाथों, कंधों, कोर और शरीर की समग्र ताकत को बढ़ाता है.

### उत्थित पद्मासन करने की विधि

सबसे पहले पद्मासन में बैठें.

एक पैर दूसरी जांघ पर और दूसरा पैर पहली जांघ पर रखें.

दोनों हाथों को शरीर के पास जमीन पर रखें, हथेलियां नीचे की ओर.

गहरी सांस लेकर हाथों पर पूरा भार डालें और शरीर को धीरे-धीरे ऊपर उठाएं.

गर्दन और सिर सीधा रखें, नजर सामने या थोड़ा नीचे की ओर.

जितना संभव हो उतने समय तक मुद्रा में बने रहें और सांस सामान्य रखें.

धीरे-धीरे वापस सामान्य स्थिति में आ जाएं.

उत्थित पद्मासन करने से शरीर को क्या फायदे मिलते हैं?

1. मांसपेशियों को मजबूती

यह हाथों, कलाइयों, कंधों और कोर मसल्स को बेहद मजबूत बनाता है.

पेट की मांसपेशियां टोन होती हैं, जिससे पाचन प्रक्रिया बेहतर होती है और कब्ज से राहत मिलती है.

2. मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव

### संतुलन की क्षमता बढ़ती है.

दिमाग में एकाग्रता आती है और तनाव कम होता है.

3. रक्त संचार व ऊर्जा प्रवाह में सुधार

नियमित अभ्यास से छाती, कंधों और हाथों में रक्त संचार बेहतर होता है.

मेटाबॉलिज्म तेज होता है और शरीर में प्राण ऊर्जा का प्रवाह सुचारू रहता है.

4. छात्रों के लिए लाभकारी

लगातार अभ्यास से एकाग्रता बढ़ती है, जो पढ़ाई में विशेष रूप से सहायक है.

### उत्थित पद्मासन से जुड़ी सावधानियां

घुटने, कूल्हे या कलाई में दर्द या चोट होने पर आसन करने से पहले डॉक्टर या योग गुरु से सलाह लें.

रात में पैरों में खुजली क्यों होने लगती है?

नारी डेस्क : कई लोगों को यह समस्या होती है कि दिनभर सब ठीक रहता है, लेकिन जैसे ही रात होती है, पैरों में तेज खुजली शुरू हो जाती है। कभी-कभी खुजली इतनी ज्यादा बढ़ जाती है कि नींद तक उड़ जाती है। तेल लगाने, दवा लगाने के बाद भी आराम नहीं मिलता और शरीर में बेचैनी बनी रहती है। ऐसे में लोगों के मन में सवाल आता है कि आखिर रात में ही पैरों में खुजली क्यों बढ़ जाती है? एक्सपर्ट्स के अनुसार, इसके पीछे सिर्फ एक नहीं बल्कि कई कारण हो सकते हैं। यह व्यक्ति की स्किन, लाइफस्टाइल और सेहत पर भी निर्भर करता है।

# रात में पैरों में खुजली बढ़ने के मुख्य कारण

### स्किन का ड्राई होना

रात के समय शरीर का तापमान थोड़ा बढ़ जाता है। इससे स्किन रूखी (ड्राई) हो सकती है। जब स्किन में नमी कम हो जाती है, तो खुजली की समस्या बढ़ने लगती है।

ब्लड सर्कुलेशन का बढ़ना

रात में आराम की स्थिति में पैरों की ओर ब्लड फ्लो बढ़ जाता है। इससे नसें ज्यादा एक्टिव हो जाती हैं और खुजली महसूस हो सकती है।

फंगल इंफेक्शन

अगर पैरों में लालपन, छाले, जलन या स्किन छिलने जैसी परेशानी है, तो यह फंगल इंफेक्शन का संकेत हो सकता है। फंगल इंफेक्शन में रात के समय खुजली ज्यादा बढ़ जाती है।

दिनभर जूते-मोजे पहनना

पूरा दिन टाइट जूते, सिंथेटिक मोजे पहनने से पैरों में पसीना और नमी जमा हो जाती है। इससे स्किन इरिटेट होती है और रात में खुजली बढ़ सकती है।

साबुन या डिटर्जेंट से एलर्जी

कभी-कभी नया साबुन, डिटर्जेंट या केमिकल युक्त प्रोडक्ट भी स्किन में एलर्जी पैदा कर सकते हैं, जिससे रात में खुजली की समस्या होती है।

पानी सिर्फ शरीर की प्यास नहीं बुझाता, बल्कि रक्त में मिलकर शरीर के हर अंग तक ऑक्सीजन पहुंचाता है. मानव शरीर का लगभग 70% हिस्सा पानी से बना है, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि कौन सा पानी शरीर के लिए सबसे अधिक लाभकारी है. सदियों से सुबह उठते ही गुनगुना पानी पीने की परंपरा चली आ रही है. यह सिर्फ आदत नहीं, बल्कि एक लाभकारी प्रक्रिया है.आयुर्वेद के अनुसार सुबह का गुनगुना पानी पाचन अग्नि को सक्रिय करता है और कफ दोष को संतुलित करता है.



# क्या पूरे दिन गुनगुना पानी पीना सही है?

सवाल यह है कि क्या हर मौसम में और पूरे दिन गुनगुना पानी पीना सही है?

आयुर्वेद मानता है कि हां, आप पूरे दिन गुनगुना पानी पी सकते हैं, लेकिन सही समय और स्थिति का ध्यान रखना जरूरी है.

### गुनगुना पानी कब पिएं?

सुबह खाली पेट- यह पाचन को तेज कर शरीर को ऊर्जावान बनाता है.

भोजन से 30 मिनट पहले- यह पाचन शक्ति को बेहतर बनाकर वजन नियंत्रित करने में मदद करता है.

भोजन के 1 घंटे बाद- यह भोजन को बेहतर तरीके से पचाने में सहायक है.

### आयुर्वेद के अनुसार इन स्थितियों में सावधानी रखें :

1. ज्यादा प्यास या डिहाइड्रेशन में

ऐसी स्थिति में गुनगुना पानी डिहाइड्रेशन को और बढ़ा सकता है.

2. अत्यधिक गर्मी के मौसम में

गर्म या गुनगुना पानी शरीर में अतिरिक्त गर्मी पैदा कर बेचैनी बढ़ा सकता है.

3. पित की समस्या या पेट में जलन होने पर

गर्मियों में पित्त बढ़ने पर गुनगुना पानी जलन को और बढ़ा सकता है.



# पाचन तंत्र को पहुंचाता है फायदा फाइबर से भरपूर हरा चना, अपच और कब्ज से दिलाता है राहत

आज की तेज रफ्तार जिंदगी में सबसे ज्यादा असर हमारे पाचन तंत्र पर पड़ता है. गलत समय पर खाना, तला-भुना भोजन, फाइबर की कमी और तनाव की वजह से गैस, अपच, कब्ज और पेट भारी होने जैसी समस्याएं आम हो गई हैं. इसका समाधान हमारी रसोई में ही मौजूद है. हरा चना पाचन के लिए बेहद लाभकारी है. आयुर्वेद के अनुसार, हरा चना त्रिदोष संतुलन में सहायक माना जाता है. खासतौर पर यह पित्त और कफ दोष को नियंत्रित करने में मदद करता है.

यह पेट में जमी अतिरिक्त नमी और चिपचिपेपन को कम करता है. यही कारण है कि हरा चना खाने से पेट साफ रहता है और आंतों की गतिविधि बेहतर होती है.आयुर्वेद मानता है कि हरा चना अग्नि यानी पाचन शक्ति को धीरे-धीरे मजबूत करता है, जिससे भोजन सही तरह से पचता है और शरीर को पूरा पोषण मिलता है.

### वैज्ञानिक ने इसे माना फाइबर का खजाना

वैज्ञानिकों की मानें तो हरा चना डाइटरी फाइबर का बेहतरीन स्रोत है. फाइबर पाचन प्रक्रिया के लिए बेहद अहम है. यह आंतों में भोजन को आगे बढ़ाने में मदद करता है और मल को नरम बनाता है, जिससे कब्ज की समस्या दूर रहती है. हरे चने में मौजूद घुलनशील और अघुलनशील दोनों तरह के फाइबर पाचन को दुरुस्त रखते हैं और गैस व सूजन जैसी परेशानियों को कम करते हैं.

### वजन घटाने में करता है मदद

हरा चना धीरे-धीरे पचने वाला भोजन है, इसलिए यह पेट को लंबे समय तक भरा हुआ महसूस कराता है. इससे बार-बार भूख नहीं लगती और ओवरईटिंग से बचाव होता है. यही वजह है कि वजन नियंत्रित रखने वालों के लिए हरा चना फायदेमंद है.

पाचन तंत्र को पहुंचाता है फायदा फाइबर से भरपूर हरा चना, अपच और कब्ज से दिलाता है राहत हारा चना खाने के फायदे : गलत समय पर खाना, तला-भुना भोजन, फाइबर की कमी और तनाव की वजह से गैस, अपच, कब्ज और पेट भारी होने जैसी समस्याएं आम हो गई हैं. इन समस्याओं को दूर करने में हरा चना बेहद फायदेमंद माना जाता है.

आज की तेज रफ्तार जिंदगी में सबसे ज्यादा असर हमारे पाचन तंत्र पर पड़ता है. गलत समय पर खाना, तला-भुना भोजन, फाइबर की कमी और तनाव की वजह से गैस, अपच, कब्ज और पेट भारी होने जैसी समस्याएं आम हो गई हैं. इसका समाधान हमारी रसोई में ही मौजूद है. हरा चना पाचन के लिए बेहद लाभकारी है. आयुर्वेद के अनुसार, हरा चना त्रिदोष संतुलन में सहायक माना जाता है. खासतौर पर यह पित्त और कफ दोष को नियंत्रित करने में मदद करता है.

यह पेट में जमी अतिरिक्त नमी और चिपचिपेपन को कम करता है. यही कारण है कि हरा चनाखाने से पेट साफ रहता है और आंतों की गतिविधि बेहतर होती है.आयुर्वेद मानता है कि हरा चना अग्नि यानी पाचन शक्ति को धीरे-धीरे मजबूत करता है, जिससे भोजन सही तरह से पचता है और शरीर को पूरा पोषण मिलता है.

### वैज्ञानिक ने इसे माना फाइबर का खजाना

वैज्ञानिकों की मानें तो हरा चना डाइटरी फाइबर का बेहतरीन स्रोत है. फाइबर पाचन प्रक्रिया के लिए बेहद अहम है. यह आंतों में भोजन को आगे बढ़ाने में मदद करता है और मल को नरम बनाता है, जिससे कब्ज की समस्या दूर रहती है. हरे चने में मौजूद घुलनशील और अघुलनशील दोनों तरह के फाइबर पाचन को दुरुस्त रखते हैं और गैस व सूजन जैसी परेशानियों को कम करते हैं.

वजन घटाने में करता है मदद

हरा चना धीरे-धीरे पचने वाला भोजन है, इसलिए यह पेट को लंबे समय तक भरा हुआ महसूस कराता है. इससे बार-बार भूख नहीं लगती और ओवरईटिंग से बचाव होता है. यही वजह है कि वजन नियंत्रित रखने वालों के लिए हरा चना फायदेमंद है.

### ब्लड शुगर और मेटाबॉलिज्म पर करता है असर

वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि फाइबर और प्रोटीन से भरपूर भोजन इंसुलिन के स्तर को संतुलित रखने में मदद करता है. इससे पाचन के साथ-साथ ब्लड शुगर कंट्रोल में भी सहायता मिलती है.

### पोषक तत्वों से होता है भरपूर

हरे चने में आयरन, मैग्नीशियम , पोटैशियम , विटामिन बी-कॉम्प्लेक्स और एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं. ये तत्व आंतों की अंदरूनी परत को मजबूत बनाते हैं और सूजन को कम करते हैं. जिन लोगों को अक्सर एसिडिटी या जलन की शिकायत रहती है, उनके लिए हरा चना पेट को ठंडक देने वाला हो सकता है.

हरा चना कई दूसरी समस्याओं में भी राहत देता है. इसमें मौजूद प्रोटीन मांसपेशियों को ताकत देता है और कमजोरी को दूर करता है. आयरन (ढ्ढह्म्श्ठ) की अच्छी मात्रा खून की कमी में सहायक होती है. फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स दिल की सेहत के लिए लाभकारी माने जाते हैं और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में मदद करते हैं. इसके अलावा, हरा चना शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूत बनाता है.

### कैसे करें सेवन?

हरे चने को सब्जी, सूप, सलाद, पुलाव या हल्के स्नैक के रूप में खाया जा सकता है.

# तन ही नहीं, मन के लिए भी आराम है जरूरी !

यूनानी सिद्धांतों में 'हरकत-ओ-सुकून नफसानी' यानी मानसिक गतिविधि और मानसिक विश्राम को स्वस्थ जीवन का अहम आधार माना गया है. जिस तरह हमारा शरीर लगातार काम करता रहे और उसे आराम न मिले तो वह थककर बीमार पड़ जाता है, ठीक उसी तरह हमारा मन भी अगर लगातार तनाव, चिंता , डर या गुस्से में उलझा रहे तो उसका संतुलन बिगड़ जाता है. यूनानी चिकित्सा सिद्धांतों के अनुसार, हमारे भीतर एक जीवन शक्ति होती है जिसे रूह कहा जाता है. यही रूह हमारे मानसिक और शारीरिक संतुलन को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है. जब हमारी भावनाएं संतुलित रहती हैं, सोच सकारात्मक होती है और हम जरूरत के मुताबिक मानसिक आराम लेते हैं, तो रूह भी संतुलन में रहती है और सेहत बेहतर बनी रहती है.


### भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक थकान का बढ़ता खतरा

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हम अक्सर शरीर की थकान को तो समझ लेते हैं, लेकिन मन की थकान को नजरअंदाज कर देते हैं. देर रात तक काम करना, मोबाइल और स्क्रीन पर लगातार समय बिताना, हर समय किसी न किसी चिंता में डूबे रहना या भविष्य की फिक्र में घुले रहना, ये सब मानसिक बोझ को बढ़ाते हैं.

### मानसिक गतिविधि और विश्राम में संतुलन आवश्यक

यूनानी चिकित्सा कहती है कि मानसिक गतिविधि जरूरी है, क्योंकि सोच-विचार, सीखना और काम करना, ये सब जीवन का हिस्सा हैं. लेकिन हर चीज की तरह इसमें भी संतुलन होना चाहिए. अगर हरकत ज्यादा होगी और सुकून कम, तो बेचैनी, चिड़चिड़ापन, अनिद्रा और मानसिक थकान जैसी समस्याएं शुरू हो सकती हैं. वहीं, अगर व्यक्ति बिल्कुल निष्क्रिय हो जाए और कोई मानसिक गतिविधि न करे, तो भी उदासी और सुस्ती बढ़ सकती है. इसलिए संतुलन ही असली कुंजी है.

### मन को सुकून देने वाले छोटे-



### छोटे कदम

मानसिक सुकून पाने के लिए बहुत बड़े बदलाव की जरूरत नहीं होती. दिन में थोड़ा समय खुद के लिए निकालना, गहरी सांस लेना, प्रकृति के बीच कुछ पल बिताना, नमाज, ध्यान या प्रार्थना करना और सकारात्मक लोगों के साथ समय बिताना, ये छोटे-छोटे कदम मन को राहत देते हैं. साथ ही, अपनी सीमाओं को समझना भी जरूरी है. हर काम अपने ऊपर ले लेना और हर समय परफेक्ट बनने की कोशिश करना भी मानसिक दबाव बढ़ाता है.

यूनानी सिद्धांत हमें सिखाता है कि संयम अपनाएं, सकारात्मक सोच रखें और जरूरत पड़ने पर मन को विश्राम दें. जब मन शांत और संतुलित रहता है, तो उसका असर पूरे शरीर पर दिखाई देता है.

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com